हरिभूमि
# रायपुर भूमि



पचपेड़ी नाका से लेकर रायपुरा तक सड़क की हालत खराब

इलेक्ट्रिक पोल की वजह से सर्विस रोड संकरा, इस वजह से भी लग रहा लंबा जाम

**अंडर पास में जाम की समस्या ज्यादा**

रिंग रोड से सटे फ्लाईओवर में पचपेड़ी नाका, संतोषी नगर चौक, भाठागांव, कुशालपुर, सुंदर नगर रायपुरा चौक पास बने अंडर पास में वाहनों को एक छोर से दूसरे छोर जाने की स्थिति में जाम की स्थिति निर्मित होती है। भारी वाहनों के अंडर पास पार करने की स्थिति में लंबा जाम लगता है।

## सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे, बारिश में हाईवे से लेकर रिंग रोड तक वाहनों का लग रहा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के रिंग रोड एक की हालत अन्य रिंग रोड की अपेक्षा सबसे ज्यादा खराब हालत में है। बारिश के मौसम में इस मार्ग में जगह-जगह गड्ढा होने की वजह से आवाजाही करने वालों को हर आधे घंटे के भीतर जाम से जूझना पड़ रहा है। इसकी वजह गड्ढों में बारिश का पानी जमा होना है। साथ ही सर्विस रोड में भारी वाहनों के साथ दिनभर बसों की आवाजाही होना है। भारी वाहनों की वजह से सर्विस रोड में हर जगह गड्ढे हो गए हैं। बुधवार को पचपेड़ी नाका से रायपुरा चौक तक सर्विस रोड में लंबा जाम देखने को मिला। ⏭ शेष पेज 16 पर

**गड्ढों में पानी की वजह से रफ्तार कम**

बारिश के कारण सड़कों के गड्ढों में पानी भरे होने की वजह से वाहनों की रफ्तार कम हो जाती है। इसके चलते जाम की स्थिति निर्मित होती है। जिन इलाकों में ज्यादा जाम की स्थिति निर्मित होती है, इन क्षेत्रों में जाम से निपटने ट्रैफिक पुलिस के अतिरिक्त जवान तैनात करने की व्यवस्था की गई है।

- **गुरजीत सिंह**, डीएसपी ट्रैफिक

### शहर के इस छोर पर भी लगता है जाम



रिंग रोड एक के अलावा शहर के शंकर नगर, तेलीबांधा जाने के मार्ग में वाहनों का लंबा जाम लगता है। शंकर नगर में एक्सप्रेस वे के नीचे जाम की स्थिति निर्मित होती है। एक्सप्रेस वे के नीचे सड़क थोड़ी घुमावदार है। इसके साथ ही रोड में जगह-जगह गड्ढे हैं, इस वजह से इस मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसके अलावा लाखेनगर चौक के साथ पुरानी बस्ती थाना के पास जाम की स्थिति निर्मित होती है। विधानसभा मार्ग में मोवा के पास जाम की स्थिति निर्मित होती है।

**हर दस कदम में गड्ढे**

रिंग रोड एक में हर दस कदम में गड्ढे हैं, जिसमें जल भराव रहता है। जल भराव की वजह से दोपहिया तथा छोटे चारपहिया वाहन गड्ढों से बचने अपने साइड से अलग हटकर वाहन चलाने मजबूर ⏭ शेष पेज 16 पर

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

### खबर संक्षेप

**कॉलेज छात्र से पुरानी रंजिश पर की मारपीट**

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में कालेज के छात्र ने एक अन्य युवक के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, प्रफुल्ल टेमरे ने योगेश कुमार टंडन के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की है। प्रफुल्ल ने पुलिस को बताया कि पुराने विवाद को लेकर योगेश ने उसके मकान के अंदर जबरन दाखिल होकर मारपीट की।

**गांजा बेचते धरा गया कोचिया**



**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक कोचिया को गांजा बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। युवक के कब्जे से पुलिस ने 23 हजार रुपए कीमती डेढ़ किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक, गांजा बेचने के आरोप में संतोषी नगर निवासी मो. निजामुद्दीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने निजामुद्दीन को पुराना चीरघर लोहार गली में लोगों को गांजा बेचते गिरफ्तार किया है।

**सूने मकान में धावा नकदी-जेवर किए पार**

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान से नकदी समेत एक लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, चंगोराभाठा निवासी गरिमा शर्मा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। गरिमा ने पुलिस को बताया कि वह डेढ़ माह पूर्व 19 जून को ग्राम गुल्लू स्थित अपने मायके गई थी। मायके से वापस आने पर महिला ने देखा कि अज्ञात चोर मकान के दरवाजे में लगे ताला तोड़कर आलमारी के लॉकर से नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गया है।

**होटल के गेट के पास बीयर बेचते धरा गया युवक**

**रायपुर।** विधानसभा पुलिस ने एक युवक को होटल के गेट के पास लोगों को बीयर बेचते गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक हजार रुपए कीमत की चार बोतल बीयर तथा तीन सौ रुपए जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक, सड्डू स्थित रॉयल कैसल होटल के गेट के पास बीयर बेचते ओडिशा बलांगीर निवासी भोदेव सिक्का को गिरफ्तार किया गया है।

केंद्र ने पांच साल पहले फरमान जारी किया था, छग में अब हो रही पहल, वह भी आधा-अधूरा

## निर्भया...अब तक नहीं बन सका सिस्टम, कुछ ही बसों में लग पाया पैनिक बटन, वह भी अनकंट्रोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिल्ली में निर्भया कांड के बाद केंद्र के फरमान पर कई राज्यों ने सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में पैनिक बटन जैसे सिस्टम बनाया है, छग में भी इसकी पहल शुरू हो चुकी है ताकि पीड़ितों को सफर के दौरान फौरी राहत पहुंचाई जा सके। लेकिन यहां इसमें कई ऐसे पेंच भी हैं, जिसकी वजह से सिस्टम आधा-अधूर लग रहा है। रायपुर में कुछ ही बसों में पैनिक बटन लग पाए हैं, लेकिन विंडबना यह है कि यह किसी काम का नहीं है क्योंकि इस बटन के जरिए जहां मैसेज भेजना है, वह सिस्टम ही नहीं बना है। बसों के डिवाइस से मैसेज सीधे डॉयल 112 को जाना है, पर अभी वहां ऐसा कुछ भी नहीं है।

यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने पांच वर्ष पूर्व सभी सार्वजनिक परिवहन वाले वाहनों के साथ स्कूल बसों में अनिवार्य रूप से पैनिक बटन लगाने के साथ व्हीकल लोकेशन डिवाइस सिस्टम लगाने का आदेश जारी किया है। केंद्र सरकार के आदेश के मुताबिक राज्य के सार्वजनिक परिवहन के वाहनों में अब तक पैनिक बटन का उपयोज शुरू नहीं हो पाया है। इस संबंध में परिवहन विभाग के अफसरों का कहना है कि यात्री बसों के साथ स्कूल बसों में पैनिक बटन लगाने एजेंसी तय कर दी है। अप्रैल से वाहनों में पैनिक बटन के साथ वीएलटीडी लगाने का काम किया जा रहा है। विषम परिस्थिति आने पर यात्री पैनिक बटन का उपयोग कर सकता है। पैनिक बटन का सर्वर डायल-112 से लिंक रहेगा। यात्री जिस जगह पर पैनिक बटन दबाएगा, व्हीकल लोकेशन ट्रैकर डिवाइस ⏭ शेष पेज 16 पर



हरिभूमि सरोकार



**दोहरा आर्थिक भार**

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के अध्यक्ष के मुताबिक पूर्व में बसों में पैनिक बटन तथा वीएलटीडी लगाने जो एजेंसी तय की थी, उस एजेंसी ने उन पर साढ़े 13 हजार रुपए चार्ज किया है। एजेंसी के भाग जाने के बाद उन्हें नए सिरे से पैनिक बटन तथा वीएलटीडी लगवाने के लिए कहा जा रहा है। ऐसे में बस मालिकों को दोहरा आर्थिक भार पड़ेगा।

**एजेंसी तय, टेस्टिंग भी**

बसों में तथा सार्वजनिक वाहनों में पैनिक बटन तथा वीएलटीडी लगाने एजेंसी तय कर दी गई है। एजेंसी ने वाहनों में पैनिक बटन के साथ वीएलटीडी लगाने का काम अप्रैल से शुरू किया है। एजेंसी पैनिक बटन, वीएलटीडी लगाने के साथ टेस्टिंग भी कर रही है।

- **आशीष देवांगन**, रायपुर आरटीओ

**पुलिस मुख्यालय के माध्यम से लगेगा**

पैनिक बटन, वीएलटीडी को लिंक्ड करने जो भी उपकरण डायल-112 में लगाए जाएंगे, वह पुलिस मुख्यालय के माध्यम से लगेगा। पैनिक बटन तथा वीएलटीडी लिंक करने संबंधित उपकरण अभी मेरी जानकारी में नहीं लगाए गए हैं।

- **अविनाश ठाकुर**, एएसपी डायल-112

**पूर्व में तय एजेंसी काम छोड़ कर भागी**

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सैयद अनवर अली के मुताबिक पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने बसों में पैनिक बटन लगाने एक एजेंसी तय की थी। एजेंसी ने 50 लाख रुपए में पैनिक बटन लगाने का ठेका लिया था। एजेंसी ने वाहनों में पैनिक बटन लगाने का काम शुरू किया था, लेकिन वह बीच में काम छोड़कर भाग गई।

**बीएस-5, बीएस-6 वाहनों में पहले से**

पुराने वाहनों को छोड़ नई प्रणाली के आ रहे बीएस-5 तथा बीएस-5 वाहन में पैनिक बटन के साथ वीएलटीडी पहले से लगा हुआ आ रहा है। उस नई प्रणाली के वाहनों में लगे पैनिक बटन तथा वीएलटीडी ई-सिम कार्ड एक्टिवेट करने के बाद चालू हो जाएगा। पुराने वाहनों में पैनिक बटन के साथ वीएलटीडी असेंबल करना पड़ रहा है।

**ई-सिम कार्ड रीचार्ज नहीं होने का आरोप**

वाहन मालिकों के मुताबिक उनके वाहनों में वीएलटीडी तथा पैनिक बटन के इस्तेमाल के लिए जो पूर्व में ई-सिम कार्ड लगाए गए हैं, वह बीएसएनएल का है। वाहन मालिकों ने बीएसएनएल के ई-सिम कार्ड के रीचार्ज नहीं होने का आरोप लगाया है। वाहन मालिकों के अनुसार ई-सिम कार्ड के रीचार्ज नहीं होने की स्थिति में लोग पैनिक बटन का कैसे इस्तेमाल कर सकेंगे।

## टूट गया डॉक्टर बनने का सपना, एक्सीडेंट में युवती की मौत









हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में अपने पिता के लिए दवा लेने जा रही एक युवती की रोड एक्सीडेंट में मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। एक्सीडेंट करने के बाद भीड़ की पिटाई के डर से कार चालक कार खम्हारडीह थाना में छोड़ कर मौके से फरार हो गया। कार नंबर के आधार पर पुलिस कार चालक के बारे में जानकारी जुटा रही है। घटना गुरुवार दोपहर दो बजे के करीब की है। बताया जा रहा है, युवती नीट का एग्जाम पास कर डॉक्टर की पढ़ाई करने की तैयारी में जुटी थी। एक्सीडेंट के बाद माता-पिता का अपनी बेटी को डॉक्टर बनाने का सपना अधूरा रह गया। पुलिस के मुताबिक रोड एक्सीडेंट ⏭ शेष पेज 16 पर

- घटना दोपहर दो बजे तेलीबांधा थाना क्षेत्र की
- पिटाई के डर से आरोपी कार खम्हारडीह थाना में खड़ा कर मौके से फरार

**मृतका दो भाई बहन थे, पिता एसबीआई में एजीएम**

पुलिस के मुताबिक मृतका दो भाई बहन थे, श्रेष्ठा बड़ी थी। छोटा भाई अभी पढ़ाई कर रहा है। श्रेष्ठा के पिता एसबीआई में एजीएम के पद पर पदस्थ हैं। घटना की जानकारी मिलने पर मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## छग चैंबर में संविधान संशोधन पर विवाद, चुनाव स्थगित

**मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली ने लिया निर्णय**





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की चुनाव प्रक्रिया संविधान संशोधन को लेकर उपजे विवाद की वजह से स्थगित कर दी गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली ने गुरुवार को यह निर्णय लिया।

हरिभूमि फॉलोअप

चैंबर के चुनाव अधिकारी प्रकाश गोलछा ने बताया कि छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी द्वारा मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली को पत्र सौंपा गया, जिसमें उनके द्वारा यह जानकारी दी गई है कि संविधान ⏭ शेष पेज 16 पर

**चैंबर चुनाव पर 25 हजार सदस्यों की टिकी निगाहें**

छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव को लेकर प्रदेशभर के करीब 25 हजार सदस्यों की निगाहें टिकी हुई हैं, जिसमें पदाधिकारियों के 2 बार से ज्यादा चुनाव लड़ने की अर्हता को लेकर जिज्ञासा है कि वे फिर से चुनाव लड़ सकते हैं या नहीं?

**ये है मामला**

27 अप्रैल को चैंबर ऑफ कॉमर्स के बॉम्बे मार्केट स्थित सभा भवन में एक बैठक हुई थी। इसमें चैंबर ने संगठन के संविधान में संशोधन को मंजूरी दी। बदलाव ये था कि अब से अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष पद के लिए कोई भी पदाधिकारी 2 बार कार्यकाल पूरा करने के बाद फिर से चुनाव लड़ सकेगा। इससे पहले यह नियम था कि जो 2 बार इन पदों पर रहा हो, वो चैंबर का चुनाव नहीं लड़ सकता। इसी नियम को बदला गया। पूर्व चैंबर अध्यक्ष और रायपुर उत्तर के विधायक रहे श्रीचंद सुंदरानी ने इस पर आपत्ति की है। वहीं पूर्व चेयरमैन व छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने रजिस्ट्रार के समक्ष आवेदन कर संविधान संशोधन को रद्द करने की मांग की है।

**आपत्तियां निराधार, भ्रम फैला रहे : सिंह देव**

चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव ने कहा है कि कुछ लोगों द्वारा रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसाइटी में जो आपत्ति लगाई गई है, पूरी तरह निराधार है। आगामी चैंबर चुनाव को लेकर उनकी नीयत साफ झलक रही है कि वे मैदान में खुलकर अमर पारवानी एवं उनकी टीम का सामना नहीं कर सकते। ऐसे लोग संविधान संशोधन का बहाना बनाकर अनर्गल बातें कर रहे हैं। जबकि वे जानते हैं कि चैंबर के संविधान संशोधन की प्रक्रिया विधिवत और पूरी पारदर्शिता से हुई है। वे ऐसा कहते हैं कि चैंबर ⏭ शेष पेज 16 पर

## राम मंदिर निर्माण के बाद बढ़ी यात्रियों की संख्या, प्रयागराज के लिए बंद फ्लाइट शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राम मंदिर उद्घाटन के बाद राजधानी से आयोध्या जाने वाले यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है। इसे देखते हुए रायपुर से प्रयागराज की फ्लाइट एक बार फिर शुरू कर दी गई है। 16 सितंबर से रायपुर से प्रयागराज और वहां से वापसी की उड़ान प्रारंभ हो रही है। इसके पूर्व भी रायपुर से प्रयागराज की फ्लाइट सुविधा यात्रियों को दी गई थी। लगभग सालभर तक यह सुविधा यात्रियों को प्रदान किए जाने के बाद आठ महीने पूर्व इसे बंद कर दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, पर्याप्त यात्री नहीं मिलने के कारण एयरलाइन्स ⏭ शेष पेज 16 पर

- पहले भी थी सुविधा, आठ महीने पूर्व किया गया था बंद

**अब हैदराबाद के लिए रोजाना तीन फ्लाइट**

इसके अलावा हैदराबाद के लिए एक अन्य फ्लाइट दोबारा शुरू करने की भी घोषणा की गई। पूर्व में रायपुर से सीधे हैदराबाद के लिए तीन फ्लाइट का संचालन होता था। लगभग दो वर्ष पूर्व इनमें से एक फ्लाइट बंद कर दी गई। फिलहाल केवल दो सीधी फ्लाइट ही हैदरबाद के लिए संचालित हो रही है। ट्रेव्हल एजेंसी संचालक कीर्ति व्यास के अनुसार, 23 सितंबर से रायपुर से हैदराबाद के लिए एक अतिरिक्त उड़ान प्रारंभ होगी। अतिरिक्त उड़ाने प्रारंभ होने से किराए में कमी और यात्रियों की सुविधा में वृद्धि की उम्मीद है।

## 6 साल बाद भी एक करोड़ 62 लाख का हिसाब नहीं आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सक पर बैठी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में बड़ी वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। यहां के चिकित्सक डॉ.आशीष सिन्हा पर एक करोड़ 62 लाख रुपए का हिसाब नहीं दिए जाने के कारण जांच कमेटी बैठा दी गई है। मामला सामुदायिक चिकित्सा विभाग से जुड़ा हुआ है। डॉ.आशीष सिन्हा इस विभाग के प्रमुख के तौर पर जुलाई 2014 से मई 2018 तक चार वर्ष कार्यरत रहे। उनका स्थानांतरण दूसरे विभाग में किए जाने के बाद कई बार उनके कार्यकाल में हुए खर्च का हिसाब मांगा जाता रहा, लेकिन उनके द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई।

6 सालों तक संबंधित कागजात उपलब्ध नहीं कराए जाने तथा कोई जानकारी नहीं देने के कारण अंततः अस्पताल प्रबंधन ने पूरे मामले की जांच के लिए कमेटी बैठा दी है। तीन सदस्य कमेटी इस वित्तीय अनियमितता की जांच करेगी तथा यह पता लगाएगी की 2014 से 2018 तक खाते से निकाली गई एक करोड़ ⏭ शेष पेज 16 पर

**सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रभारी थे डॉ. आशीष सिन्हा**

- 2017 में छोड़ा यह विभाग, लेकिन अब तक नहीं दिया खर्च का हिसाब





**5 दिन में पेश करनी होगी रिपोर्ट**

अस्पताल प्रबंधन ने अपने आदेश में में अधिकतम 5 दिनों के अंतराल में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा है। जारी आदेश में कहा गया है कि सामुदायिक चिकित्सा विभाग के जिस खाता क्रमांक से राशि निकाली गई है, उससे संबंधित कैशबुक, लेजर खाता, वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट, चेक बुक रजिस्टर, आय-व्यय का ब्योरा, संबंधित बिल वाउचर इत्यादि आवश्यक कार्यालयीन दस्तावेज विभाग को उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया, किन्तु डॉ.आशीष कुमार सिन्हा द्वारा आज विभाग को विभागीय दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया है। जबकि इस दौरान एक बार डॉo आशीष कुमार सिन्हा का स्थानांतरण होकर कार्यमुक्त हो चुके है और उनके द्वारा अधिष्ठाता कार्यालय को भी गुमराह कर अंतिम वेतन प्रमाण पत्र जारी कराया गया था।

**पदोन्नति संबंधित खत के बाद खुला मामला**

डॉ. आशीष सिन्हा को सह प्राध्यापक पद पर पदोन्नति के लिए सनिष्ठा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए सामुदायिक चिकित्सा विभाग अर्थात कम्यूनिटी मेडिसीन विभाग को खत लिखा गया। इसके बाद विभाग द्वारा इस बात की जानकारी दी गई कि डॉ.सिन्हा द्वारा अब तक उनके कार्यकाल की वित्तीय जानकारी नहीं दी गई है। इसके बाद जांच बैठाई गई है। प्रथम दृष्टिया खाते के परीक्षण में पता चला कि इतनी बड़ी राशि में से 18 लाख 67 हजार 590 रुपए कैश, 27 लाख 89 हजार 901 सेल्फ तथा 38 लाख 91 हजार 522 हजार रूपए पर्सनल अकाउंट में ट्रांसफर किए गए हैं। सामुदायिक चिकित्सा विभाग में यूनिसेफ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा अन्य योजनाओं की राशि आती है।

## किताब खोलकर लिख रहे थे उत्तर, 10वीं में धरे गए तीन नकलची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

10वीं की प्रायोगिक परीक्षा में तीन नकलची धराए हैं। छात्रों द्वारा प्रायोगिक परीक्षाओं में पुस्तक खोलकर सामूहिक रूप से नकल की जा रही थी। मामला आरंग के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का है। यहां 10वीं-12वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला प्रशासन की उड़नदस्ता टीम के प्रमुख एओ लॉरी ने निरीक्षण के दौरान सामूहिक नकल पकड़ा। 10वीं कक्षा के तीन छात्र-छात्राएं पुस्तक लेकर प्रायोगिक परीक्षा दे रहे थे। केंद्र में मौजूद शिक्षकों तथा निरीक्षकों द्वारा भी विशेष सख्ती नहीं बरती जा रही थी। कार्रवाई के ⏭ शेष पेज 16 पर



- माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जा रही है 10वीं-12वीं की द्वितीय बोर्ड परीक्षा

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

जीवेत शरदः शतम्

# मा. रमेश बैस जी

(पूर्व राज्यपाल, त्रिपुरा, झारखण्ड एवं महाराष्ट्र)
पूर्व केन्दीय मंत्री भारत सरकार

2 अगस्त

को जन्मदिन की
अनंत बधाई व शुभकामनाएं...





## शुभाकांक्षी

श्याम बैस, महेश बैस, प्रियतोष शर्मा, हरभूषण गिरी, जितेन्द्र तिवारी, राकेश शर्मा, महेन्द्र भाई, नवल शर्मा, अनिल तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा, कैलाश शर्मा, रमेश शर्मा, संजय तिवारी, मिथलेश शर्मा, विनोद शर्मा, विक्रांत बाबू, नीनी भाई, प्रमोद शर्मा, प्रमोद सिंह ठाकुर, दुर्गाशंकर परघनिया, रविन्द्र तिवारी, रविन्द्र शुक्ला, दिनेश मिश्रा एवं ब्राह्मणपारा के समस्त पारिवारिक सदस्यगण

## खबर संक्षेप

### एकतरफा प्यार में किशोरी पर किया चाकू से हमला

रायपुर। कबीर नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एकतरफा प्यार में एक



सिरफिरे युवक ने किशोरी पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना शाम साढ़े चार-पांच बजे बीच की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी किशोरी को लंबे समय से परेशान करने के साथ उसका पीछा कर रहा था। किशोरी द्वारा फटकार लगाने से नाराज आरोपी युवती पर चाकू से तीन से चार वार कर भागने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस के मुताबिक मुजगहन निवासी चेतन गायकवाड़ को किशोरी पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## निधन

### जी. किशोर राव

रायपुर। सुभाष नगर कुकरीपारा निवासी जी. किशोर राव (70) का 1



अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 अगस्त को सुबह 10 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे कुंदन, चंदन और अरुण के पिता थे।

### गेंदराम देवांगन

रायपुर। पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर नया तालाब गुढ़ियारी निवासी



गेंदराम देवांगन का 1 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 अगस्त को सुबह 10 बजे उनके निवास से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे महाराष्ट्र मंडल के लेखाकर्मी हुलास देवांगन, झरना, भारती और मोना देवांगन के पिता थे।

# चॉइस सेंटर में आरपीएफ की दबिश, पर्सनल आईडी पर ई-टिकट बनाने वाले सक्रिय दलाल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आरपीएफ, जोन के विभिन्न मंडलों में अभियान चलाकर पर्सनल आईडी पर ई-टिकट बनाने वाले के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में गुरुवार को पोस्ट प्रभारी के एसके दत्ता के आदेश पर टिकरापारा थाना क्षेत्र के गांधी चौक में कंप्यूटर एंड चॉइस सेंटर में दबिश देते हुए कार्रवाई की गई। आरपीएफ ने खेमराज साहू पिता इंद्र कुमार साहू उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार किया। जांच करने पर दुकान में रखे मोबाइल व लैपटॉप से 1 आईआरसीटीसी के पर्सनल यूजर आईडी से कुल 20 ओल्ड रेलवे आरक्षित ई टिकट प्राप्त हुआ। आरोपी द्वारा इस संबंध में उचित प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं कर पाने व जांच में रेलवे के ई टिकटों का अवैध व्यापार साबित होने पर 143 रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पूछताछ में बताया गया कि आरोपी 5 सालों से पर्सनल आईडी पर ई-टिकट बनाने का काम कर रहा था। जब्त 20 ओल्ड रेलवे आरक्षित ई टिकटों किया का मूल्य 49827.85 रुपया है।

## - आरपीएफ ने विशेष अभियान चलाकर 14 अवैध टिकट दलालों को किया गिरफ्तार

### स्पेशल टास्क बनाकर टिकट दलालों पर कार्रवाई

रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा सावन महीने में त्योहारों के मौसम को देखते हुए रेलवे आरक्षण टिकट की मांग को देखते हुए अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध एक दिन का विशेष अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान को गोपनीय रखते हुए तीनों मंडलों, बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर को और साथ में अपराध गुप्तचर शाखाओं को स्पेशल टास्क दिया गया। तीनों मंडलों में एक साथ अलग-अलग शहरों, बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, ब्रजराजनगर, नागपुर, नैनपुर, कोरबा, भिलाई, अनुपपुर, शहडोल, अम्बिकापुर, मनेन्द्रगढ़, राजनांदगावं, डोगंरगढ़ में अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध रेड की कार्रवाई की गई।



### 43 लाख के टिकट जब्त

एक दिन में 14 अवैध टिकट दलालों को गिरफ्तार कर रेलवे अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। इन अवैध टिकट दलालों के कब्जे से 3,08,617 रुपये मूल्य के टिकटों की जब्ती की गई। अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर द्वारा वर्ष 2024 माह जून तक कुल 144 अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 42,90,614 रुपये के मूल्य की टिकटों की जब्ती की जा चुकी है।'

### दलाल पर की कार्रवाई

*अभियान में मुखबिर की सूचना पर पर्सनल आईडी पर ई-टिकट बनाने वाले दलाल पर कार्रवाई की गई। लंबे समय से रेलवे ई टिकटों का अवैध व्यापार किया जा रहा था। विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।*

*- **एसके दत्ता**, प्रभारी निरीक्षक, आरपीएफ*

## विधानसभा मार्ग, वीआईपी रोड में रहेगा विशेष फोकस

# सड़कों पर मवेशियों का हुजूम अब दो पाली में धरपकड़

**आउटर के लिए 10-10 अतिरिक्त कर्मचारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर की सड़कों पर मवेशियों के झुंड हटाने नगर निगम अब 2 पाली में मवेशियों का धरपकड़ अभियान चलायेगा। इसके लिए आउटर के जोन 9 और जोन 10 को 10-10 अतिरिक्त कर्मचारी मवेशी पकड़ने लगाये जायेंगे। वहीं बाकी के 8 जोन में 5-5 अतिरिक्त कर्मचारी दूसरी पाली में सड़क से मवेशियों की धरपकड़ करने मौजूद रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक विधानसभा मार्ग और वीआईपी रोड को विशेष रूप से फोकस करते हुए निगम प्रशासन ने यह व्यवस्था की है। यानी अब देर शाम तक शहर के अलग-अलग इलाकों में सड़कों पर मवेशी और सांड पकड़ने निगम की टीम निकलेगी।

राजधानी की प्रमुख सड़कों सहित बाजार क्षेत्र और शहर के रिहाइशी इलाकों में मवेशियों के झुंड से शहरवासी त्रस्त हैं। बारिश के सीजन में यह समस्या पहले से और अधिक



बढ़ गई है। लाखेनगर से लिली चौक होते हुए पुरानी बस्ती और शीतला बाजार से महामाया मंदिर मार्ग इससे प्रभावित है। इसी तरह बूढ़ेश्वर मंदिर मार्ग से ब्रम्हपुरी होते हुए पुलिस लाइन मार्ग, कालीबाड़ी चौक में मवेशियों के झुंड के चलते लोगों को अपने गंतव्य तक आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ती है। इसी तरह आमापारा चौक, आजाद चौक, बढ़ईपारा, रामसागरपारा, शास्त्री बाजार, गोलबाजार, सदरबाजार सत्ती बाजार मार्ग में सांड और आवारा मवेशियों के सड़क पर मौजूदगी से महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चों को दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

### दो पाली में चलाएंगे अभियान

शहर में अब 2 पालियों में सड़क यातायात बाधित करने वाले मवेशियों की धरपकड़ की जायेगी। इसके लिए प्रत्येक जोन के लिए 5 अतिरिक्त कर्मचारी और आउटर के जोन 9 और 10 के लिए 10-10 अतिरिक्त कर्मचारी उपलब्ध कराये जाएंगे। एयरपोर्ट मार्ग और विधानसभा मार्ग में मवेशियों की धरपकड़ पर विशेष रूप से फोकस किया जायेगा।

- **राजेन्द्र गुप्ता**, अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर

### एक पाली में चल रहा पकड़ने का अभियान

निगम आयुक्त के निर्देश पर 10 जोन में आवारा मवेशियों को पकड़ने जोन स्तर पर अभी केवल एक ही पाली में अभियान चलाया जा रहा है। इसके दोपहर बाद से लेकर देर शाम तक सड़क यातायात बाधित करने वाले मवेशियों को पकड़ने कोई व्यवस्था नहीं है। ज्यादातर पशुपालक शाम के समय अपने मवेशी शहर की सड़क पर खुला छोड़ देते हैं, इससे दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया चालकों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं राहगीर भी जगह-जगह मवेशियों के झुंड और सांड से त्रस्त रहते हैं। खासकर के बाजार क्षेत्रों में स्थिति और विकट है।

# थोक मंडी में आवक बढ़ते ही औंधे मुंह गिरे सब्जियों के भाव



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

राजधानी रायपुर की थोक मंडी में सब्जियों की आवक बढ़ते ही सब्जियों की कीमत औकात में आ गई है। एक सप्ताह पहले तक 100 रुपए किलो पहुंच चुके टमाटर का भाव गिरकर अब 30 से 40 रुपए किलो तक उतर आया है। इसी प्रकार बारिश के सीजन में मिलने वाली खेक्सी ने भी अब भाव खाना कम कर दिया है। शुरुआत में 280 रुपए किलो तक बिक रही खेक्सी का भाव गिरकर अब 200 से 220 तक पहुंच गया है। इसके अलावा करेला, भिंडी, परवल, हरी धनिया, कुंहड़ा जैसी सब्जियों के भाव में भी 20 से 30 रुपए तक गिरावट आई है, जिससे लोगों को महंगी सब्जियों से भी राहत मिली है।

बारिश का सीजन शुरू होते ही सब्जियां भाव खाने लगी थीं, जिसके कारण कई प्रकार की सब्जियां आम लोगों के बजट से दूर हो गई थीं, लेकिन अब मंडी में बाहर के अलावा लोकल आवक भी बढ़ी है, जिससे भाव में गिरावट आई है। डूमरतराई थोक सब्जी विक्रेता समिति के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि एक सप्ताह पहले तक मंडी में लोकल सब्जियों की आवक 20 से 25 प्रतिशत थी, वहीं दूसरे राज्य से आनी वाली सब्जियां भी कम आ रही थीं। इसके कारण ज्यादातर सब्जियों के भाव बढ़े हुए थे, लेकिन अब लोकल सब्जियों की आवक बढ़कर 40 प्रतिशत तक पहुंच गई है। लोकल सब्जियों की आवक बढ़ने से बाहर से आने वाली सब्जियों के भाव पर भी असर पड़ा है, जिससे कई प्रकार की सब्जियों के भाव में गिरावट आई है।

### सब्जियों के भाव प्रति किलो में

| | थोक | चिल्हर |
|---|---|---|
| टमाटर | 22-25 | 30-40 |
| करेला | 20-25 | 35-40 |
| शिमला मिर्च | 40-45 | 50-60 |
| बरबट्टी | 40-45 | 55-60 |
| कुंदरू | 18-20 | 30-40 |
| परवल | 20-22 | 35-40 |
| फूलगोभी | 40-45 | 60-70 |
| पत्ता गोभी | 23-25 | 30-40 |
| मुनगा | 55-60 | 70-80 |
| खेक्सी | 170-180 | 200-220 |
| भाटा | 35-40 | 50-60 |
| तोरई | 35-40 | 50-60 |
| कोचई | 25-30 | 40-50 |
| लौकी | 12-15 | 25-30 |
| भिंडी | 25-30 | 40-50 |
| कुंहड़ा | 8-10 | 20 |
| हरी मिर्च | 40 | 60-70 |
| हरी धनिया | 25-30 | 50-60 |
| आलू | 30-32 | 40 |
| प्याज | 40-32 | 40 |
| अदरक | 110-120 | 150-160 |



# घर खर्च मांगने पर हुआ था विवाद, नाराज बेटे ने पिता को मार डाला

रायपुर। कबीर नगर थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व हुई हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक के पुत्र को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह मृतक द्वारा अपने पिता से घर खर्च के लिए पैसे मांगना बताया जा रहा



है। मृतक तथा ओरोपी मूल रूप से ओडिशा के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, ओडिशा, केंद्रपाड़ा निवासी विद्याधर बेहुरा की हत्या के आरोप में चंद्रकांत बेहुरा को गिरफ्तार किया गया है। चंद्रकांत हीरापुर में गुरदीप सिंह प्रधान के यहां किराए से रहता था। घटना दिनांक से दो-तीन पहले विद्याधर अपने बेटे से मिलने के लिए आया था। विद्याधर ने अपने बेटे से घर खर्च नहीं भेजे जाने का कारण पूछा तो इस बात को लेकर चंद्रकांत का अपने पिता के साथ घटना दिनांक को विवाद हुआ।


**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**

**नामांतरण प्र.क्र. 04/2024-25**
**वार्ड का नाम डुमरतराई थोक बाजार**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि डुमरतराई थोक बाजार वार्ड स्थित भवन/भूमि दुकान क्र. 167 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती विनोद कुमार चोपड़ा s/o बी.सी. जैन (चोपड़ा) के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती अरिहंत चोपड़ा s/o स्व. विनोद चोपड़ा ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंषानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जानें।

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र.-10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**-: आमसूचना :-**

**(ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 50 रकबा 0.070 हे. ख.नं. 76 रकबा 0.050 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.120 हे. भूमि के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी नरेश हिरानी पिता श्री राजकुमार हिरानी निवासी एच.आई.जी. 07, बसंत विहार गार्डन के पास, महावीर नगर, न्यू पुरैना अमलीडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक, हित, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित इकरारशुदा भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 50 रकबा 0.070 हे. ख.नं. 76 रकबा 0.050 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.120 हे. भूमि है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर इकरारनामा का निष्पादन कर लिया गया है, मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय संस्था, अर्द्धशासकीय शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि / संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेंगा।

**सो सूचना जाने ।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 01/08/2024

**आशीष तिवारी**
**(अधिवक्ता)**
**पता साहू किराना स्टोर्स के सामने रावतपुरा कॉलोनी फेस-1 मठपुरैना रायपुर छ.ग.**
**मो. नंबर 9827981229, 8319582060**

**-: आमसूचना :-**

**(ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 73 रकबा 0.060 हे. ख.नं. 74 रकबा 0.080 हे. ख.नं. 75 रकबा 0.020 हे. ख.नं. 169 रकबा 0.090 हे. कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.250 हे. याने 27225 वर्गफुट भूमि के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी नरेश हिरानी पिता श्री राजकुमार हिरानी निवासी एच.आई.जी. 07, बसंत विहार गार्डन के पास, महावीर नगर, न्यू पुरैना अमलीडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक, हित, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित इकरारशुदा भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 73 रकबा 0.060 हे. ख.नं. 74 रकबा 0.080 हे. ख.नं. 75 रकबा 0.020 हे. ख.नं. 169 रकबा 0.090 हे. कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.250 हे. याने 27225 वर्गफुट भूमि है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर इकरारनामा का निष्पादन कर लिया गया है, मात्र. बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय संस्था, अर्द्धशासकीय शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि / संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेंगा।

**सो सूचना जाने ।**

**आशीष तिवारी**
**(अधिवक्ता)**
**पता साहू किराना स्टोर्स के सामने रावतपुरा कॉलोनी फेस-1 मठपुरैना रायपुर छ.ग.**
**मो. नंबर 9827981229, 8319582060**

**//विक्रय अनुबंध//**

**विक्रेता-** आदित्य सिंह ठाकुर, आयु 33 वर्ष, पिता श्री घनश्याम सिंह, पता- म.नं. LIG 144, महाराणा प्रताप नगर, वार्ड नं. 18, कोरबा (छ.ग.) 495677, आ.क्र. 5182-7475-1399

**क्रेता-** श्रीमती खुकू दत्ता, आयु 54 वर्ष, पति स्व. श्री निरंजन दत्ता, पता 18/6, ब्लॉक न. 18, वार्ड नं. 09 शिव शितला वार्ड, माना कैम्प, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) 492015, आ.क्र. 9895-1484-1514,

**इकरारशुदा सपंत्ति का विवरण :-** विक्रेता के स्वामित्व एवं आधिपत्य की छ.ग.गृह निर्माण मंडल द्वारा सामान्य योजनार्न्तगत छ.ग. गृह निर्माण मंडल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, सेक्टर 29 नया रायपुर के अंतर्गत स्थित आवासीय फ्लैट नं. EWS FLAT THIRD FLOOR BL-14/301 रकबा 34.22 वर्गमीटर जो नया रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है । यह कि, विक्रेता ने उक्त संपत्ति को उपरोक्त क्रेता के पास चुकता 2,00,000/- (अक्षरी दो लाख रूपये) में विक्रय करने का सौदा कर बतौर बयाना रकम 20,000/- (अक्षरी बीस हजार रूपये) नगद प्राप्त कर लिया है, सौदे की शेष बैनामा पंजीयन के दिन क्रेता द्वारा विक्रेता को अदा किया जावेगा। विक्रयशुदा संपत्ति की बैनामा रजिस्ट्री विक्रेता द्वारा छ.ग. गृह निर्माण मंडल से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने के 15 दिन के भीतर किया जावेगा। यह कि, विक्रेता के उक्त फ्लैट संपूर्ण बकाया बिल भुगतान अर्थात सी.एम.सी., एल.एम.सी एवं वाटर और मेंटेनेंस का कुल खर्चा 40,000/- वर्तमान में क्रेता द्वारा किया जावेगा अगर किसी कारणवश विक्रेता के द्वारा बैनामा रजिस्ट्री नहीं किया जाता हैं तो उक्त रकम 15 दिन भीतर विक्रेता द्वारा क्रेता को भुगतान किया जावेगा। जिसमें विक्रेता को किसी प्रकार कि कोई आपत्ति नहीं होगी।







हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 अगस्त 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

15



वॉटर प्रूफ लिफाफे में विदेश जाएंगी ...

कम उम्र में मोबाइल की लत तेजी से बच्चों के बौद्धिक विकास को प्रभावित कर रही है। बिहार के सुपौल जिला में नर्सरी के बच्चे द्वारा स्कूल में पिस्तौल लेकर जाने और छात्र पर गोली चला देने की खबर इसका ही उदाहरण है। हरिभूमि ने इसी विषय पर शहर के मनोचिकित्सकों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि अक्सर कहा जाता है कि बचपन में जो सीखाएंगे वह वैसा ही बनाता है। बचपन में बच्चा जिस माहौल में रहता है, उसका असर भी उसके व्यवहार पर पड़ता है। मनोचिकित्सक ने बताया कि कम उम्र में बच्चों के उग्र होने के पीछे मुख्य कारण मोबाइल की लत, हिंसक फिल्म देखने और पिस्तौल जैसे खिलौने का इस्तेमाल करना हो सकता है।

# खेलने के लिए पिस्तौल, तलवार, चाकू जैसे खिलौने न दें हर बात पर मोबाइल थमा देना पालकों की बुरी आदत

**रायपुर।** मनोवैज्ञानिक रूप से फिल्मों में या फिर जब दूसरों को हम देखते हैं, तब वैसा ही बनने या फिर उसी तरह का कार्य करने की सोचते हैं। ऐसा बच्चों के साथ भी होता है। पालक बच्चों को अच्छा संस्कार देने के साथ-साथ आपने आसपास अच्छा माहौल भी रखें। कम उम्र के बच्चे तेजी से अपने आस-पास की चीजों को ग्रहण कर लेते हैं। बच्चों को पिस्तौल, तलवार, चाकू जैसे खिलौने लेकर न दें। इन खिलौने के कारण भी बच्चों पर बुरा असर पड़ता है। बच्चों के लिए यह खिलौना नहीं होता असली की चीजें होती हैं। खेल-खेल में ही इसका उपयोग समझ जाते हैं। बच्चों को ऐसी फिल्म न दिखाएं जिसमें हिंसा हो। अगर कम उम्र में ही बच्चे के व्यवहार में अधिक गुस्सा नजर आता है, तो एक बार मनोचिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए।



### काउंसिलिंग के जरिए कर रहे मदद

बच्चों में मोबाइल से लेकर टीवी की लत अब पालकों की नई मुसीबत बढ़ रहा है। एम्स में हर दिन 3 से 4 बच्चे मनोचिकित्सक के पास उपचार के लिए पहुंच रहे है। बच्चों को ठीक होने में 2 से 3 माह का समय लग रहा है। मनोचिकित्सक ने बताया कि पढ़ाई में बच्चों के मन नहीं लगने का मुख्य कारण अब मोबाइल बन चुका है। अब मोबाइल नहीं मिलने से उनकी सेहत बिगड़ने लगी है। बच्चों की लत को छुड़ाने के लिए हम पालकों को मोबाइल का इस्तेमाल घर में कम करने का सुझाव दे रहे हैं। ताकि यह बच्चों के लिए उदाहरण बन सके। काउंसिलिंग में बच्चों खेलकूद से जोड़ने का कहा जाता है ताकि दिमाग तक खून का प्रभाव अच्छे से हो।


### बौद्धिक विकास कम कर रहा मोबाइल

मोबाइल की बढ़ती आदत ने अब हर घर में छोटे बच्चों को बीमार कर दिया है। बौद्धिक विकास कमजोर होने के साथ चिड़चिड़ापन का कारण मोबाइल बन चुका है। इसकी लत छुड़वाने के लिए पालकों को अब मनोचिकित्सक की मदद लेनी पड़ रही है। मनोचिकित्सक डॉ. लोकेश सिंह ने बताया कि अगर आज 60 प्रतिशत बच्चों को मोबाइल की लत है, तो अधिकतर मामलों मे गलती पालकों की है, जो बच्चों के रूठने, मनाने से लेकर खाना खिलाने और रात में सुलाने के लिए मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं। यह बुरी आदत है। पालकों को अब यह देखना होगा कि बच्चे मोबाइल में क्या देखते और सुनते हैं। फिल्मों और गेम का असर बच्चों पर पड़ रहा है। बच्चों ने मोबाइल को नशा बना लिया है।



### सामान्य हो चुकी है एंग्जाइटी की समस्या

प्राइवेट अस्पतालों में मेंटल हेल्थ से जुड़े मामले बढ़े हैं। मनोचिकित्सकों का कहना है कि 10 से 18 साल के बच्चों में मोबाइल के आदतों के कारण अब एंग्जाइटी होने लगी है। कोरोना के बाद मानसिक बीमारियां 40 फीसदी बढ़ गई हैं। कई लोग अब भी इससे बाहर निकल नहीं पाए है। आंबेडकर अस्पताल में हर दिन 5 से 6 पालक अपने बच्चों की मोबाइल की लत छुड़ाने और मोबाइल से हुई बीमारी के इलाज कराने पहुंच रहे हैं। मनोचिकित्सक ने बताया कि बच्चों में मोबाइल की लत की शिकायत अब सामान्य हो चुकी है।



अब अगर बच्चे में चिड़चिड़ापन बढ़ रहा, अचानक मोटापा बढ़ रहा या फिर पढ़ाई में मन नहीं लग रहा है, तो इसका कारण मोबाइल है। महीने में 100 से अधिक बच्चों के मामले आते हैं, जो मोबाइल के लत के शिकार हैं। ज्यादातर बच्चों को ठीक होने से 2 से 4 महीना तो कुछ बच्चों को सालभर का समय लग रहा है। हम पालकों को मोबाइल चलाने का समय घटाने की सलाह देते हैं। इसके अलावा फोन से दूर कर खेल की गतिविधि बढ़ाने को कहा जा रहा है।

### अपना सकते हैं ये टिप्स

- मनोचिकित्सकों के मुताबिक, दिन में बच्चों को केवल 20 से 30 मिनट ही मोबाइल उपयोग करने को दिया जाए।
-खाने और सोने के समय मोबाइल से दूर रखें।
- बच्चों के सामने मोबाइल को खिलौना न बनाएं। बच्चे रोने लगे या तंग करने लगे उसे मोबाइल ना थमाएं।
- स्कूल से आने के बाद 1 घंटे का समय खेलकूद के लिए अनिवार्य करें। बच्चों के लिए जरूरी है कि वे मैदान में पसीना बहाएं। इससे दिमाग सक्रिय होगा। बौद्धिक विकास होगा।
- अंधेरे कमरे में मोबाइल देखने से मना करना चाहिए। दिन में मोबाइल चलाने का एक समय पालकों को तय करना चाहिए।
- मोबाइल उपयोग करने के नियम घर में बच्चों और बड़ों के लिए एक समान होने चाहिए।

## कैंपस इवेंट

### नवोदय में जुटे भोपाल संभाग के 5 क्लस्टर के टेबल टेनिस खिलाड़ी




**रायपुर।** नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा प्रारंभ की गई। दो दिवसीय क्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 120 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में हुई इस प्रतियोगिता का उद्घाटन इंदिरा गांधी कृषि विवि के डीन अकादमिक गोपी कृष्णदास ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में माइकल मिंज आमंत्रित रहे। इस प्रतियोगिता में भोपाल संभाग के 5 क्लस्टर (भोपाल, उज्जैन, कटक, बिलासपुर एवं रायपुर) से चयनीत कुल 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल से पुरस्कृत किया गया।

#### सभी वर्ग से 5-5 खिलाड़ी चयनित

प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपाल अधिकारी श्री विश्वदीप रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्यामा प्रसाद मुखर्जी शामिल हुए। उनके द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। अंडर-14, 17 एवं अंडर-19 में बालक-बालिका वर्ग में प्रतियोगिता हुई। समस्त आयु वर्ग में बालक एवं बालिकाओं वर्ग से 5 -5 प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए किया गया। इसके लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नवोदय विद्यालय माना कैंप में किया जा रहा है।

## सिटी इवेंट

### मूक-बधिर बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**रायपुर।** भले ही वे बोल-सुन नहीं पाते हैं किंतु उन्हें इस बात का अहसास है कि जीवन के लिए साफ-सुथरा पर्यावरण अत्यंत जरूरी है और साफ हवा तथा पानी के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। बजाज कालोनी, न्यू राजेन्द्र नगर में अर्पण कल्याण समिति द्वारा संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के मूक-बधिर बच्चों ने शाला परिसर में पौधे रोपकर अनुकरणीय कार्य किया। पौधारोपण का आयोजन रायपुर रॉयल राउंड टेबल 317 तथा रायपुर रॉयल लेडिस सर्कल 197 ने संयुक्त रूप से किया था। इस अवसर पर स्कूल के छात्र दस वर्षीय लक्ष्य वर्मा के कान में श्रवण यंत्र लगाया गया। इससे वह सुनने तो लगेगा ही साथ ही एक वर्ष तक निरंतर स्पीच थेरेपी देने से वह बोलने भी लगेगा।

#### बच्चों ने गिफ्ट किए स्व निर्मित फ्लॉवर पॉट

दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बच्चों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। बच्चों को बिस्किट व चॉकलेट का वितरण कर छात्रावास के लिए जरूरत की सामग्री दी गई। बच्चों ने स्वयं द्वारा बनाए गए खूबसूरत फ्लॉवर पॉट समितियों को प्रदान किए। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर डॉ. राकेश पाण्डेय ने बहरेपन को रोकने महत्वपूर्ण जानकारी दी। अर्पण कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने शाला की गतिविधियों से अवगत कराया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य कमलेश शुक्ला ने व्यक्त किया।







### जवानों का पूर्वाभ्यास...

रायपुर। 15 अगस्त को होने वाली परेड के लिए के लिए पुलिस ग्राउंड में अभ्यास का दौर प्रारंभ हो गया है। प्रत्येक वर्ष पुलिस जवानों द्वारा परेड से पूर्व पूर्वाभ्यास किया जाता है। राजधानी में भी 15 अगस्त को होने वाले परेड की तैयारी बैंड-बाजे के साथ की जा रही है। शुक्रवार को परेड के लिए योजना बनाई जाएगी। जिसमें यह निर्धारित किया जाएगा कि इस बार किस राज्य से जवानों को आमंत्रित किया जाएगा। पुलिस जवानों के साथ ही एनसीसी कैडेट्स और स्कूली छात्र भी प्रस्तुति देंगे।

### 'सावन उल्लास' में रोचक खेल

**रायपुर।** माहेश्वरी महिला समिति गोपाल मंदिर द्वारा 'सावन उल्लास' का आयोजन किया गया। आउटर स्थित एक निजी रिसॉर्ट में आयोजित इस विशेष कार्यक्र में 50 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। सभी महिलाओं ने रेन डांस का मजा लिया। साथ ही पूल में भी खूब इंजॉय किया। हाउजी गेम का भी चीज का खूब मजा लिया। सावन आधारित कई तरह के खेल भी रखे गए। इनमें से कई वन मिनट खेल रहे। सभी आयु वर्ग की महिलाएं इन खेलों का हिस्सा बनी और जीतने के लिए पूरी कोशिश की। आयोजन में विशेष रूप से बारिश के मौसम में परोसे जाने वाले व्यंजनों को शामिल किया गया। इसका भी महिला सदस्यों ने लुत्फ उठाया। मध्यांचल सहप्रभारी प्रतिभा नत्थानी, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदा भट्टर, प्रगति कोठारी, कल्पना राठी, नीता लखोटिया सहित अन्य महिलाएं शामिल हुईं।



## इवेंट लाइव

### छात्रों में पब्लिक स्पीच का डर दूर करने भाषण स्पर्धा




**रायपुर।** देशबंधु उच्चतर माध्यमिक शाला में एकल अभिनय, भाषण व कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां 50 से अधिक प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में शाला सचिव इंदर सिंह आहुजा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्राचार्य शिशिर दास, ज्योति जग्गी व हेड गर्ल स्निग्धा महापात्र द्वारा किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषण व पब्लिक स्पीच के डर को दूर करना रहा। स्पर्धा का आयोजन विद्यालय के सभागार में किया गया, जहां अन्य शिक्षकगण भी शामिल रहे।

#### एकल अभिनय में अनामिका अव्वल

एकल अभिनय प्रतियोगिता में प्रथम अनामिका शर्मा व द्वितीय रिया सिंह को मिला। भाषण प्रतियोगिता में निष्ठा सिंह, श्रुति शर्मा, अंकित अग्रवाल, रश्मि पाण्डेय, श्लोक अग्रवाल, रिदा फातिमा ने समूह में अपना प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल किया। कविता वाचन प्रतियोगिता में पूर्वी साहू, गीतांजली यदु, मौली सान्याल, शिवांश गुप्ता, मनमीत अरोरा, हीरा परवानी, जया अग्रवाल, फलक फातिमा में चार समूह में पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## शहर में जुटे रियल स्टेट टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट, व्यवसायियों को दिए गए टिप्स

कार्नर न्यूज

# व्यवसाय के उचित संचालन के लिए निश्चित लक्ष्य की समझ जरुरी, टीम मैनेजमेंट के लिए गूगल एप्लिकेशन का प्रयोग

**रायपुर।** रियल बजट ग्रुप द्वारा एक दिवसीय 'रियल्टर ग्रोथ समिट 2024' का आयोजन शहर में किया गया। रियल स्टेट में कॅरियर बनाने व सफलात प्राप्त करने संबंधित टिप्स यहां दिए गए। मुख्य वक्ता के रुप में रियल स्टेट टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट संजीव जैन और रियल स्टेट इन्फ्लुएंसर रवि केवलरमानी उपस्थित रहे। 300 से अधिक लोग शामिल हुए। किसी कंपनी को बाजार में व्यवस्थित, सफल छवि व बेहतर ऊंचाई तक पहुंचाने से लेकर कई तरह के टिप्स वक्ताओं द्वारा संचालकों को दिए गए।

अध्यक्षता ग्रुप डायरेक्टर विकास अग्रवाल ने की। वीआईपी रोड स्थित एक निजी होटल में सुबह से देर शाम तक कार्यक्रम चला। इसमें शहर के साथ अन्य शहरों से भी व्यापारी शासिल हुए। समिट में मुख्य अतिथि के रुप में हैदराबाद से सुमंत रेड्डी, विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली से तरुण भाटिया, गोवा से अमित चोपड़ा, मुंबई से चंद्रेश विठलानी व बेंगलुरु से रविकांत शामिल हुए। रियल स्टेट टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट संजीव जैन ने लगातार 2 घंटे तक उपस्थित दर्शकों को संबोधित किया। जिसमें एप्लिकेशन व व्यवसाय को व्यवस्थित रुप से संचालित करने के टिप्स बताए गए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रश्नोत्तरी से हुई, जिसमें उपस्थित लोगों को प्रश्न पूछने का अवसर दिया गया। कार्यक्रम में सवाल-जवाब से जानिए किस तरह से रियल स्टेट में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है।





***सवाल-टीम से कैसे काम कराया जा सकता है?***
**जवाब**- संचालक को काम करना नहीं बल्कि कर्मचारियों से काम कराना आना चाहिए। हमेशा अपने टीम को प्रोत्साहित करते चलें। अपने टीम के संचालन में ध्यान दें। जिस प्रकास से टीम का संचालन होगा, आपके कर्मचारी उस प्रकार से काम करेंगे। अपने कर्मचारियों से अपना काम कराना एक कला है, जिसे सभी संचालकों को आना चाहिए। टास्क ऐप की सहायता से दिनचर्या के काम को लिख सकते हैं। यह काम डायरेक्ट कर्मचारी को भी एप्लिकेशन में दिखेगा। यह ऐप हर हफ्ते के डाटा को जोड़कर व्यक्ति को अलग-अलग स्कोर देता है, यह स्कोर कंपनी के कर्मचारी के काम करने की गति को दर्शाता है।

***सवाल- अपने व्यवसाय का संचालन कैसे करें?***
**जवाब**- व्यवसाय का उचित संचालन के लिए प्रत्येक व्यक्ति के पास निश्चित लक्ष्य की समझ जरुरी है। टीम का लीडर सभी सदस्यों को गाइड करता है, जिससे समूह अपने लक्ष्य को हासिल करता है। व्यवसाय करने से पहले अच्छी प्लानिंग करना आवश्यक है। हमेशा संचालक को सकारात्मक सोच रखना चाहिए, साथ ही सफलता के लिए छोटे-छोटे लक्ष्य तय करें।

### इन एप्लिकेशन का कर सकते हैं इस्तेमाल

माइक्रोसॉफ्ट एसएमएस ऑर्गेनाइजेशन एप्लिकेशन : इसका उपयोग कई तरह से किया जा सकता है। इसमें रिमांडर फीचर है, जिससे व्यक्ति अपनी मीटिंग की डेट व टाइम रिमांड कर सकता है। साथ ही बैंक डिटेल जानने के लिए भी यह मददगार है, जिससे बैंक खाते से कब और कितने रुपए निकाले जा रहें इसकी जानकारी रहेगी।

***गूगल असिस्टेंट फीचर*** : इससे व्यक्ति अपने कंपनी या व्यवसाय संबंधिक कई प्रश्न पूछ सकता है। यह आपकी समस्या को कम से कम समय में सुलझाने में मददगार है, जिससे समय की बचत होगी।

***कैलेंडर ऐप*** : यह एक मीटिंग शेड्यूलर एप्लिकेशन है। जिसमें एक-एक घंटे के स्लॉट में अपने मीटिंग टाइम को डिवाइड किया जाता है। इसमें अन्य व्यक्ति मीटिंग शेड्यूलर एप्लिकेशन से फ्री टाइम में मीटिंग के लिए वक्त मांग सकता है।

## सिटी इवेंट

# शरीर, मन संग बुद्धि का भी करें प्रबंधन, यही सफलता



**रायपुर।** चौबे कालोनी स्थित प्रगति कॉलेज में एक दिवसीय 'ऑन सेल्फ मोटिवेशन' वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के जीवन में एकाग्रता व संयम लाना रहा, जिससे उन्हें पढ़ाई के दौरान मदद मिल सके। छात्रों को इससे जुड़े टिप्स दिए गए। उनकी परेशानियों का समाधान भी किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रुप में अमृता विवि के प्रो. आर. अयुध और विश्वविद्यालय की ब्रम्हचारिणी अमृतात्मिका चैतन्य और ब्रम्हचारिणी निसीगा उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि के रुप में पत्रकारिता विवि के प्रो. डॉ. शाहिद अली शामिल हुए।

### केवल 30 मिनट पर्याप्त

वर्कशॉप में छात्रों को शरीर, मन और बुद्धि के प्रबंधन की जानकारी दी गई। उपस्थित व्याख्याता ने बताया, योग प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शरीर, मन व बुद्धि को शांत व एकाग्रता के साथ रखने के लिए ध्यान जरुरी है। इसके लिए योग के कई महत्व हैं। रोजाना 30 मिनट योग करने से आपको कई लाभ देखने को मिलेंगे। रोजाना मेडिटेशन करने से तनाव को दूर किया जा सकता है। कार्यशाला में कॉलेज प्राचार्य डॉ. सौम्या नैयर, सहायक प्राध्यापिका गंजन शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ.केएन गजपाल, डॉ. प्रवीण कुमार यादव, ज्योति ठाकुर मुख्य रुप से उपस्थित रहीं।

## कैंपस इवेंट

# इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को दिए गए तनाव प्रबंधन के टिप्स



**रायपुर।** एनआईटी के डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति योगा हॉल में फैकल्टी मेम्बर्स और छात्रों के लिए तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन स्कूल ऑफ स्पिरिचुअल स्टडीज अमृता विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य समग्र कल्याण को बढ़ाना था। प्रोफेसर्स ने बताया कि किस तरह प्रतिदिन 20 मिनट के अभ्यास से समर्पण, आंतरिक शांति और कल्याण को बढ़ावा दिया जा सकता है। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग के सहयोग से किया गया। इस दौरान मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.समीर बाजपेयी, ज्योति राव, डॉ.मंजू शुक्ला, सूरज निषाद सहित अन्य फैकल्टी मेंबर्स और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### कम होते हैं तनाव बढ़ाने वाले हार्मोन

विशेषज्ञोंने कहा कि जो लोग नियमित रूप से स्ट्रेचिंग व्यायाम, श्वास तकनीक और विजुअलाइजेशन की श्रृंखला का अभ्यास करते हैं, उनमें एड्रेनालिन और कोर्टिसोल जैसे तनाव बढ़ाने वाले हार्मोन का स्तर कम हुआ है और इसके कई अन्य प्रतिरक्षा संबंधी लाभ भी देखे गए हैं। जो लोग नियमित रूप इसका अभ्यास करते हैं, वे कार्यस्थल पर उच्च तनाव की स्थिति में भी सकारात्मक और शांत रह पाते हैं। इससे उत्पादकता में वृद्धि होती है।

## समाज इवेंट

# तीर्थ यात्राएं हैं संस्कृति के प्रचार का सर्वश्रेष्ठ माध्यम

रायपुर। छत्तीसगढ़ के 1300 यात्रियों ने काशी और अयोध्या दर्शन बीते दिनों किया। पूज्य संत लालदास साहेब के नेतृत्व में यह यात्रा हुई। उन्होंने कहा, सनातन संस्कृति के प्रचार का सबसे अच्छा माध्यम तीर्थ यात्राएं हैं। बच्चे जब छोटी उम्र में ऐसे धामों का दर्शन करते हैं तो वो वह अपनी संस्कृति पर गर्व करना सीखते हैं और उसके प्रचारक बनते हैं। यात्राएं संतोष का अनुभव कराती हैं। यात्रा में बच्चे, बूढ़े जवान महिलाएं सभी राम नाम की धुनी में मग्न रहे। यात्रा में सहयोग के लिए प्रयागराज में अमित चिमनानी का सम्मान किया गया। उन्होंने इस सम्मान के लिए आभार जताते हुए आगे भी इसे जारी रखने की बात कही।



### अन्य समितियों ने भी किया सहयोग

सिंधु अमर धाम सेवा समिति द्वारा यात्रियों को तीर्थ यात्रा कराई जा रही है। जानकारी देते हुए प्रकाश जेसवानी ने बताया, स्पेशल ट्रेन से यात्रा करते हुए तीर्थयात्रियों को श्री विश्वनाथ कॉरिडोर, काल भैरव मंदिर, अयोध्या में श्रीराम मंदिर और हनुमानगढ़ी के पावन दर्शन कराए जा रहे हैं। यात्रा के दौरान हर दिन भजन संध्या का आयोजन भी हुआ, जिसमें कई प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी भजन प्रस्तुतियां दीं। पूज्य बाबा गुरमुख दास सेवा समिति और चांपा सेवा समिति के सदस्यों ने भी सेवा दी।

## रायपुर डिवीजन में डाक विभाग ने शुरू किया काउंटर, सर्वाधिक खर्च अमेरिका भेजने में

# वॉटर प्रूफ लिफाफे में विदेश जाएंगी राखियां, एशियाई देशों में डाक भेजना सस्ता, जीएसटी भी चुका रहीं बहनें

**इस बार 19 अगस्त को रक्षाबंधन मनाया जाएगा। डाक विभाग भाई-बहन के स्नेह से जुड़े पर्व को खास बनाने के लिए रंगीन डिजाइन में वाटरप्रूफ लिफाफा भी 10 रुपए में उपलब्ध करवा रहा है। यह व्यवस्था बरसात के लिहाज से की गई है, ताकि सामान्य डाक या स्पीड पोस्ट के जरिए देश के दूसरे राज्यों व शहरों ही नहीं बल्कि सात समंदर पार रहने वाले भाइयों को भेजी गई राखी को गीला होने से बचाया जा सके। रायपुर डिवीजन में 24 जगह पीली पेटी भी लगाई गई है। दूसरे राज्यों व देशों में रहने वाले भाइयों को राखी स्पीड पोस्ट करने वाली बहनें जीएसटी भी दे रही हैं।**







**रायपुर।** मालवीय रोड स्थित मुख्य डाकघर में इस बार राखी के लिए विशेष तैयारी की गई है। राखी बुक कराने के लिए डाकघर पहुंचने वाली महिलाओं को भीड़ से बचाने और केवल राखी लेकर पहुंचने पर उन्हें पेकिंग सहित स्पीड पोस्ट कराने की सुविधा देने के लिए खास इंतजाम किया है। इस काम के लिए विभाग ने रायपुर मुख्य डाकघर में और ग्राउंड फ्लोर पर सीनियर सिटीजन के लिए काउंटर शुरू किया है। इनके द्वारा बुक कराए जाने वाले डाक को अभी विभाग ने पहली प्राथमिकता में रखा है।

इसकी छटनी करके संबंधित राज्य और शहर ही नहीं बल्कि फॉरेन कंट्री के लिए स्पीड पोस्ट की जाने वाली राखियों को भी उसी दिन रवाना करने के लिए व्यवस्था की गई है। लिफाफे के वजन के लिहाज से शुल्क भी तय किया गया है। इसके साथ ही स्पीड पोस्ट सहित जीएसटी चार्ज भी राखी बुक कराने वाले लोग दे रहे हैं।

### 24 जगह लगी पीली पेटियां

प्रवर अधीक्षक हरीश महावर ने बताया कि इस बार रायपुर डिवीजन में 24 जगह पीली पेटी लगाई गई है। वहीं रायपुर में ही 8 जगह राखी पोस्ट करने के लिए पीले रंग की पेटी लगाई गई है। लोग जयस्तंभ चौक, सदर बाजार, स्वामी विवेकानंद आश्रम, सुन्दर नगर, रविग्राम ही नहीं बिरगांव, पंडरी और रायपुर गंज डाकघर में लगाई गई पीली पेटी में सामान्य डाक से राखी भेज सकते हैं। इसके अलावा महासमुंद, धमतरी, बलौदाबाजार और गरियाबंद में 4-4 पीली पेटी लगी है। इनमें सिर्फ राखी ही पोस्ट की जा सकती है। इसे रोज खोलने के बाद पोस्ट की गई राखी को समय पर पहुंचाने के लिए जिम्मेदारी तय की गई है, इसकी छटनी भी अलग से करने की व्यवस्था है।

### चुकाना होगा एयर सरचार्ज

एशिया के किसी भी देश में स्पीड पोस्ट से राखी भेजने के लिए 20 ग्राम वजन के लिफाफे पर 25 रुपए चार्ज देना होगा। इसके साथ एयर सरचार्ज चार रुपए के साथ 4.5 रुपए जीएसटी यानी करीब 34 रुपए देने होंगे। वहीं 40 ग्राम का वजन होने पर करीब 49 व 60 ग्राम तक वजन होने पर 64 रुपए भुगतान करना होगा। इसी तरह यूरोपिय कंट्री के लिए 20 ग्राम का 25 रुपए के अलावा 5 रुपए एयर चार्ज व करीब इतनी ही राशि जीएसटी की देनी होगी। इसके अलावा वजन के लिहाज से शुल्क में इजाफा होगा। साउथ अफ्रीका, नार्थ अमेरिका के साथ आस्ट्रेलिया के लिए भी शुल्क में एयर सरचार्ज लगभग समान है। वहीं यूएसए के लिए सबसे ज्यादा 46 से 90 रुपए तक शुल्क देना होगा।

विवि अनुदान आयोग की कोचिंग योजना के अंतर्गत प्रारंभ की गई व्यवस्था

# रविवि छात्रों को देगा पीएससी के लिए कोचिंग, कराना होगा पंजीयन

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि अब छात्रों को पीएससी की कोचिंग देगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की कोचिंग योजना के अंतर्गत छ. ग. राज्य सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को तैयार करने के उद्देश्य से रविवि इसकी शुरुआत कर रहा है। 20 अगस्त से इसकी शुरुआत हो रही है। प्रतिदिन संध्या 3 बजे इन कक्षाओं का संचालन होगा।



इच्छुक विद्यार्थी रविवि के कला भवन स्थित यूजीसी कोचिंग सेंटर से आवेदन-पत्र प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। कोचिंग की व्यवस्था विशेषकर अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, गरीब छात्रों तथा समस्त छात्राओं के लिए है। प्रपत्र विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.prsu.ac.in में भी उपलब्ध है।

### इग्नू में प्रवेश 14 अगस्त तक

इग्नू के जुलाई 2024 सत्र में ऑनलाइन मोड में नए प्रवेश, नामांकन एवं पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि पूर्व में 31 जुलाई निर्धारित की गई थी। इसे अब बढ़ाकर 14 अगस्त कर दिया गया है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. गौड़ा राजेन्द्र ने कहा कि छात्र हित को ध्यान में रखते हुए यह वृद्धि की गई है। नए कोर्स के अंतर्गत स्नातक, स्नातकोत्तर व पी.जी. डिप्लोमा एवं छह माह के सर्टिफिकेट कार्यक्रम भी उपलब्ध हैं, जिसके लिए निर्देशन वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक शिक्षार्थी अध्ययन केंद्रों में उपलब्धता के आधार पर विषय का चुनाव कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी क्षेत्रीय केंद्र रायपुर में स्वयं उपस्थित होकन इग्नू के हेल्प डेस्क पर कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए बीए, बीकॉम व बीएससी (सभी सामान्य) में निशुल्क नामांकन का प्रावधान है।

# दिनभर व्रत खोलने का इंतजार करना उपवास नहीं बल्कि मात्र भूखा रहना

**रायपुर।** दादाबाड़ी में चल रहे आत्मस्पर्शी चातुर्मास के प्रवचन श्रृंखला में गुरूवार को दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनि जी ने कहा कि आज गुरु की कृपा से चातुर्मास के दौरान सभी तप-उपवास पूरे हो जाते हैं। किसी को उपवास करते देख, उपवास की बात सुनकर तप-जप बहुत ही मुश्किल काम लगता है, लेकिन ऐसा नहीं है।

भगवान के प्रति आस्था हो और मन में विश्वास हो तो आप कुछ भी कर जाएंगे। मुनिश्री ने कहा कि सब उपवास करते हैं और कब पारणा हो इसका इंतजार करते हैं। यह उपवास नहीं है, यह सिर्फ व्यक्ति का भूखा रहना कहा जा सकता है। पारणे में लोग अपने घर से व्यंजन



बना कर लाते हैं, लेकिन आपको अपना मनपसंद व्यंजन नहीं बनाना है कि उपवास किया और मनपसंद व्यंजन खाकर पारणा कर लिया। आप केवल अपने लिए नहीं सबके लिए कुछ ना कुछ व्यंजन लाइए और जो सारे लोग लाएंगे वह थोड़ा सा आप भी खा लेंगे तो यह असल पारणा होगी कि जो मिला उससे पारणा कर लिया।

### वृद्धाश्रम भारत के लिए कलंक

उन्होंने आगे कहा, माता-पिता को भगवान मानने वाले तो बहुत कम ही हैं। आज लोग केवल सुख साधनों के पीछे भागते हैं और माता-पिता इसके बीच ना आएं, इसलिए उन्हें वृद्धाश्रम भेज देते हैं। भारत देश के लिए वृद्धाश्रम कलंक है। भगवान के रूप में पूजे जाने वाले माता-पिता, आज आश्रम में रह रहे हैं यह बहुत ही दुख की बात है।



























## खबर संक्षेप

### रमेश बैस कार्यकर्ताओं संग मनाएंगे जन्मदिन



**रायपुर।** रायपुर लोकसभा के पूर्व सांसद जिन्होंने दशकों तक रायपुर लोकसभा का नेतृत्व किया, निवर्तमान राज्यपाल महाराष्ट्र रमेश बैस रायपुर के अपने रवि नगर के निज निवास पर अपने परिवार, अंगतुकों एवं रायपुर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अपना 76वां जन्मदिन शुक्रवार को मनाएंगे। भाजपा नेता ओंकार बैस ने बताया, क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओ से सीधा जुड़ाव रखने वाले रमेश बैस 5 वर्ष के लंबे अंतराल तक त्रिपुरा, झारखंड और महाराष्ट्र में रहकर राज्यपाल के दायित्व का निर्वहन करते रहे।

### सीएम ने पं. रविशंकर शुक्ल की जयंती पर किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल की 2 अगस्त को जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. रविशंकरजी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शीर्ष भूमिका निभाई। उन्होंने छत्तीसगढ़ में जन-जागरूकता लाने का महत्वपूर्ण काम किया। श्री शुक्लजी अच्छे वकील, राजनेता होने के साथ ही अच्छे वक्ता और लेखक भी थे। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद रियासतों के विलय में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### विधि विभाग कर्मचारी संघ का गठन

**रायपुर।** विधि विभाग में कर्मचारी संघ का गठन किया गया है। विभागीय कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने संघ अपने स्तर पर लड़ाई लड़ेगा। विभाग के कर्मचरियों के सेटअप, भर्ती, पदोन्नति, वेतन विसंगति जैसे मामलों को शासन के समक्ष रखा जाएगा। संघ का अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष अरुण मिश्रा, सचिव गोविंदराम साहू को बनाया गया है।

### 33 हजार निर्माण श्रमिकों को मिलेंगे 14.47 करोड़



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने राज्य के 33 हजार से अधिक निर्माणी श्रमिकों एवं उनके परिजनों को रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में 14 करोड़ 47 लाख रुपए से अधिक की सौगात दी है। यह राशि श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आगामी रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के हितग्राहियों को सीधे आर्थिक मदद दिए जाने का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। श्रम मंत्री ने विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत श्रमिक परिवारों के हितग्राहियों के लिए 14 करोड़ 47 लाख 44 हजार 709 रुपए की स्वीकृति प्रदान की।

# सवा 7 हजार करोड़ के अनुपूरक को राज्यपाल की मंजूरी, वित्त ने बताया- कैसे करना है खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विधानसभा के मानसून सत्र में पारित कराए गए करीब सवा 7 हजार करोड़ रुपए के अनुपूरक बजट के राज्यपाल की मंजूरी मिल गई है। अब सरकार के वित्त विभाग ने निर्देश जारी किया है कि अनुपूरक में मिली राशि को किस तरह खर्च करना है।




### वित्त ने जारी किया आदेश

राज्य सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को भेजे पत्र में प्रथम अनुपूरक बजट को मंजूरी मिलने की जानकारी के साथ बताया है कि अनुपूरक में मिली राशि को किस प्रकार खर्च करना है। आकस्मिकता निधि से स्वीकृत अग्रिम की प्रतिपूर्ति के लिए एक औपचारिक आदेश निकालें उक्त अग्रिम की सीमा तक प्रावधानित राशि का पुनः व्यय नहीं किया जाना है। इसका विशेष ध्यान रखन कहा गया है। केंद्रीय सहायता तथा अन्य एजेंसी से राशि प्राप्त होने के आधार पर अनुपूरक अनुमानों में जो मद शामिल किए गए हैं, उमें सहायता राशि प्राप्त होने पर ही व्यय करें।

### समर्पण आदेश के बाद ही व्यय

*इसी निर्देश में कहा गया है कि ऐसे मद जिनमें अतिरिक्त अनुदान विभागीय बचतों से समर्पित किया जाना है वहां समर्पण की स्वीकृति तत्काल जारी करें। समर्पण आधेश जारी किए जाने के बाद ही व्यय करें। विभागीय बचत से व्यय की पूर्ति के मदों में आवंटित राशि में से सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से से पुनर्विनियोजन करें तथा पुनर्विनियोजन रे आघेश के एक प्रति प्रशासकीय विभाग के माध्यम से महालेखाकार को भी भेजने कहा गया है।*

## खारंग, खपरी और रूसे बांध हुए लबालब

# सावन की बारिश से गंगरेल बांध 15 दिन में दो तिहाई से अधिक भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सावन की लगातार बारिश से बांध लबालब हो गए हैं। आषाढ़ के माह में प्री मानसून के बाद इसमें ब्रेक लगने से बांधों में कम पानी की वजह से स्थिति चिंता जनक हो गई थी। जुलाई के अंतिम सप्ताह से हो रही लगातार बारिश से पूरे प्रदेश में बड़े बांधों में 61 और मध्यम बांधों में 64 प्रतिशत से अधिक जल भराव है। पिछले वर्ष के मुकाबले अब भी 9 प्रतिशत पीछे हैं। बारिश सिस्टम बनने के कारण आने वाले दिनों में प्रदेश में अच्छी बारिश का अनुमान है।

अब तक बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1399.8 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 235.0 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई है। बीते 15 दोनों के बारिश का रिकॉर्ड प्रदेश में अच्छा रहा। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक एक जून से अब तक राज्य में 581.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 1 अगस्त तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1399 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 235 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।



### बांगो में 49 प्रतिशत पानी

पिछले कुछ दिनों के दौरान प्रदेश भर में हुई झमाझम बारिश के बाद भी प्रदेश का सबसे बड़ा मिनीमाता बांगो बांध खाली है। गांव माचाडोली के पास हसदेव नदी पर निर्मित बांगो डैम में अभी 49 फीसदी जलभराव हुआ है। बांगो बांध से सैकड़ों हेक्टेयर खेतों की सिंचाई की जाती है। इसके साथ ही यहां 120 मेगावाट का हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट संचालित है। प्रदेश के कई अन्य पावर प्लांटों को भी बिजली उत्पादन के लिए यहां से पानी जाता है। इस साल ज्यादा जलभराव नहीं होने से बांगो बांध पर निर्भर कई कामों के प्रभावित होने की संभावना है।

### गंगरेल में 70 हजार क्यूसेक पानी की आवक

धमतरी जिले के गंगरेल बांध में 70 हजार क्यूसेक पानी का आवक कैंचमेंट एरिया ये होने के कारण 16 जुलाई को 4.83 प्रतिशत पानी था वह अब बढकर 83 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यहां पर पिछले 15 दिनों में 78 प्रतिशत से अधिक जल भराव हुआ है। यहां पर पिछले साल इसी अवधि में 74 प्रतिशत जल भराव था, जो 10 प्रतिशत अधिक है। वहीं तांदुला बांध में अब 73 प्रतिशत पानी है जो पिछले साल के मुकाबले 10 प्रतिशत कम है। मुरूमसिल्ली में 72 प्रतिशत जल भराव है।

### अन्य बांधों में इतना पानी

इसके अलावा प्रदेश के अन्य बांधों में सिकासार में 90, सोंढूर में 71, कोडार में 31, खपरी दुर्ग में 100, खारंग में 100, और रूसे बांध में 100 प्रतिशत जल भराव है। प्रदेश के सरगुजा क्षेत्र में कम बारिश का असर वहां के बांधों पर भी पड़ा है। यहां पर बांधों में निस्तारी और अन्य उपयोग का पानी भरा है। यहां पर रिमझिम बारिश से बांधों की स्थिति में सुधार हो रहा है।

# प्रदेश के सभी निकायों में कांग्रेस करेगी सम्मेलन

## प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता करेंगे हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज राज्य सरकार से तिहार की परंपरा बंद नहीं करने की मांग की है। उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार ने सभी तीज-त्योहारों को सम्मान दिया। प्रदेश में उत्साह के साथ सभी तीज-त्योहार मनाए गए। पूर्व की भांति सभी तीज-त्योहारों को उत्साह से मनाया जाए। कांग्रेस आगामी नगरीय निकाय चुनावों को देखते हुए प्रदेश के सभी निकायों में सम्मेलन करेगी।



उन्होंने संवाददताओं से चर्चा में बताया कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ के सभी निकायों में सम्मेलन करेगी। सभी निगमों, पालिकाओं का खुद दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव की तैयारियों को लेकर तीन बैठकें हो चुकी हैं। सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिए जा चुके हैं। निकाय चुनाव में प्रत्याशी चुनाव के लिए कांग्रेस के मापदंड़ पर उन्होंने कहा, प्रत्याशी चयन का मापदंड जिताऊ प्रत्याशी रहेगा। चुनाव हमारे कार्यकर्ता लड़ते हैं। तमाम बड़े नेता कार्यकर्ताओं के लिए काम करेंगे। वार्ड पार्षद से लेकर मेयर तक का जो प्रत्याशी जीतने लायक होंगे, उसका चयन होगा।

### संगठन में नियुक्ति परफार्मेंस के आधार पर

वहीं छत्तीसगढ़ कांग्रेस में जल्द पुनर्गठन की तैयारी पर उन्होंने कहा, जल्द दिल्ली जाकर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से मिलेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी में बदलाव को लेकर उन्होंने कहा, प्रदेश प्रभारी से चर्चा के बाद संगठन में नियुक्तियां होंगी। परफॉर्मेंस के आधार पर जिम्मेदारी दी जाएगी।

### बिजली के दामों में बढ़ोतरी वापस लें

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, साय सरकार के तुगलकी निर्णय के कारण राज्य की लौह उत्पादन इकाईयां बंद हो गयी है। इनमें काम करने वाले 2 लाख से अधिक मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने उद्योगों को राहत देने तथा उद्योगों में काम करने वाले मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने के लिये उद्योगों के बिजली के दामों में विशेष रियायत दिया था। कांग्रेस ने मांग किया है कि सरकार उद्योगों और आम उपभोक्ताओं की बिजली के दामों की बढ़ोतरी को तत्काल वापस ले।

# प्रदेश में 82 हजार को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ

## लाभार्थियों में से 48 फीसदी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना का 82 हजार से ज्यादा हितग्राहियों को लाभ मिला है। इसमें 20,134 हितग्राही राजधानी रायपुर से हैं।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी मांगी थी। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने जानकारी दी, पीएम स्वनिधि एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जो सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू है। इसके तहत राज्यों, संघ राज्य क्षेत्र को कोई निधि आवंटित नहीं की जा रही है। इस योजना के तहत ऋण सीधे ऋणदाता संस्थाओं द्वारा संवितरित किए जाते हैं। 24 जुलाई 2024 तक की स्थिति के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जनजाति लाभार्थियों की संख्या 6600 है। देश भर में पीएम स्वनिधि योजना के तहत 45 फीसदी लाभार्थी महिलाएं हैं। छत्तीसगढ़ में इस योजना के तहत कुल लाभार्थियों में से 48 फीसदी लाभार्थी महिलाएं हैं। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा योजना को दी गई मंजूरी के अनुसार, दिसंबर 2024 तक योजना के तहत पहली अवधि के ऋणों के लिए 42 लाख, दूसरी अवधि के ऋणों के लिए 12 लाख तथा तीसरी अवधि के ऋणों के लिए 3 लाख का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्यों की तुलना में 24 जुलाई 2024 तक पहली अवधि के ऋणों के लिए 64.78 लाख, दूसरी अवधि के ऋणी के लिए 18.50 लाख तथा तीसरी अवधि के ऋणों के लिए 3.24 लाख ऋण वितरित किए जा चुके हैं। स्ट्रीट वेंडर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्रालय द्वारा 2020 को पीएम स्वनिधि योजना की शुरुआत की गई थी। जिसके तहत

पहले 10 हजार रुपए का लोन उपलब्ध करवाया जाता है। इसका भुगतान करने के बाद दूसरी बार लोन लेने पर 20 हजार और तीसरी बार लोन को बढ़ाकर 50 हजार रुपए कर दिया जाता है। इस योजना के तहत दिए गए लोन पर 7% की दर से सब्सिडी भी सरकार द्वारा दी जाती है।

# जीएसटी काउंसिल जीओएम में वित्तमंत्री ओपी भी

**रायपुर।** जीएसटी में सुधार के लिए हाल ही में जीएसटी काउंसिल के लिए ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स (जीओएम) का पुनर्गठन किया गया है। इस नए गठन में छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस ग्रुप में दो राज्यों के उप मुख्यमंत्री समेत कुल आठ सदस्य शामिल हैं।



जीएसटी काउंसिल नई दिल्ली की ओर से जारी पत्र के अनुसार जीएसटी में सुधार के लिए यह पुनर्गठन किया गया है। ग्रुप का संयोजक महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री अजित पवार को बनाया गया है। ओडिशा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी के साथ पांच अन्य राज्यों के वित्त मंत्रियों को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। श्री चौधरी को सदस्य बनाए जाने से छत्तीसगढ़ के वित्तीय दृष्टिकोण और अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। वे लगातार राज्य के वित्तीय प्रबंधन और जीएसटी के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सुधार कर रहे हैं, जो इस समिति की कार्यप्रणाली को और सशक्त बनाने में मददगार साबित होगी। इस समिति का मुख्य उद्देश्य जीएसटी कानून, प्रक्रियाओं और नीतियों को प्रभावी बनाने के लिए सिफारिशें प्रदान करना है। यह सुनिश्चित करना है कि जीएसटी व्यवस्था सभी राज्यों की आर्थिक स्थितियों और जरूरतों के अनुरूप हो, जिससे समग्र आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

# आईपीएस के लिए पांच अगस्त को होगी डीपीसी

## एसआई से टीआई बने 16 साल बीते, अब डीएसपी बनने की आस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के 18 डीएसपी को एडिशनल एसपी बनाने का रास्ता डीपीसी होने के बाद साफ हो गया और प्रमोशन का आदेश हफ्तेभर में जारी हो जाएगा। इसी तरह राज्य पुलिस सेवा के कम से कम तीन अफसरों को आईपीएस अवार्ड के लिए 5 अगस्त को डीपीसी होने की संभावना है। इनमें 1998 बैच के प्रफुल्ल ठाकुर और राजेंद्र प्रसाद भैया तथा 1999 बैच नहीं होने से 2000 बैच के विजय पांडे का नाम शामिल किया जा सकता है।

आईपीएस प्रमोशन के लिए नई दिल्ली में 5 अगस्त को होने वाली डीपीसी में छत्तीसगढ़ के डीजीपी अशोक जुनेजा और गृह सचिव के साथ-साथ यूपीएससी के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2022 और 2023 के लिए डीपीसी होगी। अफसरों को 2023 बैच के लिए आईपीएस अवार्ड होगा। फिलहाल राज्य पुलिस सेवा के 1998 बैच के अफसरों का प्रमोशन लगभग तय माना जा रहा है। इनमें प्रफुल्ल ठाकुर और राजेंद्र भैया के नाम शामिल हैं। 1999 बैच के डीएसपी नहीं हैं, इसलिए वर्ष 2000 बैच के डीएसपी में से वरिष्ठता के




आधार पर विजय पांडे का नाम शामिल किया गया है। हालांकि ये तीनों ही दीगर सेवाओं से आए दो अफसरों वायपी सिंह और धर्मेंद्र सिंह के संविलियन के कारण दो साल पिछड़ चुके हैं।

### एमपी में प्रमोशन, यहां फिलहाल इंतजार

प्रमोशन को लेकर सबसे ज्यादा इंतजार उन इंस्पेक्टरों को है, जो 2008 में सब इंस्पेक्टर से इस पद पर प्रमोट हुए थे। प्रमोशन को 16 साल बीत गए, लेकिन उनका अब तक दूसरा यानी डीएसपी पद पर प्रमोशन नहीं हो पाया है। जबकि मध्यप्रदेश में इससे आगे वाले बैच के इंस्पेक्टर भी डीएसपी बन चुके हैं। तकरीबन 16 इंस्पेक्टरों का डीएसपी के तौर पर प्रमोशन होना है।

# छत्तीसगढ़ में ब्यूरो के पदाधिकारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ब्यूरो के समस्त पदाधिकारियों की आधिकारिक बैठक बिलासपुर में हुई। जहां प्रदेशभर के मुख्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में एनएचआरएसीबी की कार्यनीति, मानवाधिकारों पर चर्चा और अपराध एवं भ्रष्टाचार करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए दृढ़ संकल्प लिया गया। डॉ. राकेश जोशी (बिलासपुर संभाग प्रभारी) द्वारा ब्यूरो का परिचय एवं कार्यनीति के साथ चर्चा रहा। इसके बाद विजय कुमार खूंटे (छत्तीसगढ़ राज्य प्रदेश प्रभारी-यूथ विंग) द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के संबंध में जानकारी दिया गया। परमीता सरकार (कार्यकारिणी अध्यक्ष रायपुर जिला महिला विंग) द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सहायता पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही साथ निशांत भानुशाली (अधिवक्ता बिलासपुर हाई कोर्ट एवं छग विधिसलाह्कर) द्वारा भारतीय न्याय सहिता संबंधित पर विधिक विषयों एवं विधि सलाह देते हुए पर ब्यूरो कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित एवं जागरूक किया गया। घासी भारद्वाज (राष्ट्रीय प्रभारी शिकायत निवारण विभाग) द्वारा मानव के मूलभूत अधिकारों के बारे में कार्यकर्ताओं को जागरूक एवं उत्साहित किए तथा राज्य में व्याप्त अपराध एवं भ्रष्टाचार पर विशेष चर्चा रहा तथा अपराध एवं भ्रष्टाचार, करने वाले, मानव अधिकारों की हनन करने वालों पर कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। यह जानकारी रायपुर जिला महिला यूनिट में कार्यरत शाहिना खान ने दी।

## पेज 11 के शेष

### सड़कों पर जगह-जगह...

जाम से निपटने हर चौक पर दो से तीन ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की गई थी, लेकिन वह भी नाकाफी था। गौरतलब है कि संतोषी नगर से बोरियाखुर्द तक सुबह आठ से 11 बजे तक तथा शाम चार बजे से रात्रि नौ बजे तक भारी वाहनों की नो एंट्री की गई है। सुबह 11 बजे नो एंट्री खुलने के बाद संतोषी नगर मार्ग से भारी वाहन थोक के भाव में रिंग रोड में प्रवेश करते हैं। इसके कारण रिंग रोड में जाम की स्थिति निर्मित होती है। संतोषी नगर में सुबह के समय नो एंट्री का समय बढ़ाने से लोगों को जाम से राहत मिल सकती है।

इलेक्ट्रिक पोल हटाने का काम चल रहा : ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के मुताबिक रिंग रोड एक के सर्विस रोड में जगह-जगह लगे इलेक्ट्रिक पोल को हटाने का काम चल रहा है। बिजली विभाग ने राजेंद्र नगर अंडर पास से पचपेड़ी नाका तक इलेक्ट्रिक पोल को हटा दिया है। दूसरे चरण में संतोषी नगर से रायपुरा चौक तक इलेक्ट्रिक पोल को हटाने का काम किया जाएगा। इलेक्ट्रिक पोल को हटने से सर्विस रोड चौड़ी हो जाएगी। इसके बाद लोगों को जाम से काफी हद तक राहत मिलेगी।

### हर दस कदम...

होते हैं। इस वजह से वाहनों की बेतरतीब आवाजाही होने की वजह से इस मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित होती है।

### निर्भया...अब तक नहीं...

सिस्टम से उस लोकेशन की जानकारी नजदीकी डायल-112 को देगा। इसके बाद डायल-112 के जवान उस वाहन को ट्रेस करते हुए पहुंचेंगे और यात्री की परेशानी जान कर उसकी मदद करेंगे। वीएलटीडी जीपीएस डिवाइस है।

### टूट गया डॉक्टर बनने...

में वीआईपी रोड स्थित अमलतास सोसाइटी निवासी श्रेष्ठा सतपथी की कार की ठोकर लगने से मौत हुई है। पुलिस के अनुसार युवती स्कूटी से अपने पिता के लिए दवा लेने के लिए रिंग रोड से सटे सर्विस मार्ग से तेलीबंधा की तरफ आ रही थी। इसी दौरान वीआईपी रोड होते हुए तेज रफ्तार कार सीजी 14 एमपी 0686 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार चलाते हुए सामने से युवती की स्कूटी को ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से युवती अपनी स्कूटी से मुंह के बल गिरकर बेहोश हो गई। घटना के बाद आसपास उपस्थित लोगों ने युवती को उपचार के लिए अस्पताल दाखिल किया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना होटल एरिना के सामने की है।

### 6 साल बाद भी...

62 लाख 28 हजार की राशि का इस्तेमाल कहां किया गया है। इस कमेटी में अस्पताल के ही डॉ. विनीत जैन, डॉ. मनोज साहू तथा वित्त विभाग की उप संचालक ऋतु कौशिक शामिल हैं।

### राम मंदिर निर्माण के...

को नुकसान उठाना पड़ रहा था। इसके चलते इसे बंद कर दिया गया। फ्लाइट बंद किए जाने के कुछ दिनों पश्चात रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। तत्पश्चात प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ गई। इसे देखते हुए दोबारा फ्लाइट शुरू की जा रही है।

### छग चैंबर में संविधान...

संशोधन को लेकर रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटी के समक्ष कुछ व्यक्तियों द्वारा आपत्ति प्रस्तुत की गई है। इस संबंध में मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि अस्पष्टता उत्पन्न होने के कारण संस्था हित को ध्यान में रखते हुए इस चुनाव प्रक्रिया को स्थगित किया जाता है। 1 अगस्त को मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली की ओर से उपस्थित निर्वाचन अधिकारियों को इस आशय की जानकारी दी। बैठक में निर्वाचन अधिकारी प्रकाश गोलछा, बालकृष्ण दानी, रमेश गांधी, केसी माहेश्वरी, महावीर तालेड़ा, संजय देशमुख, संजय जोशी, एमएस रावते-चैंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी, एचएस कर मुख्य निर्वाचन नियंत्रक उपस्थित थे। दरअसल छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संविधान पर फैसला लेने गुरुवार को दोबारा सुनवाई नवा रायपुर स्थित फर्म्स एवं संस्थाएं कार्यालय में रजिस्ट्रार के समक्ष हुई। पिछली पेशी में चैंबर के तरफ से पेश वकीलों ने समय ले लिया था, जिस पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद रजिस्ट्रार ने देर शाम तक अपना फैसला सुरक्षित रखा है।

### आपत्तियां निराधार, भ्रम...

इनकी मातृ संस्था है, परंतु मातृ संस्था होने के बाद भी वे इसे दूषित करने प्रयास कर रहे है। आमसभा में संविधान संशोधन पारित होने के बाद भी अपना स्वार्थ साधने के लिए इनके द्वारा भ्रम और झूठ फैलाया जा रहा है। इतने वरिष्ठ होने के पश्चात भी इस तरह के कृत्य करना इन्हें शोभा नहीं देता। हमें न्यायालय पर पूर्ण रूप से विश्वास है। अब न्यायालय द्वारा जो भी अंतिम निर्णय आएगा, उसे हम सर्वमान्य करते हुए पूरे दम-खम के साथ इनके विरुद्ध चुनाव लड़ेंगे।

### किताब खोलकर लिख...

लिए बोर्ड को प्रकरण भेजा गया है। गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मौजूदा शैक्षणिक सत्र से वर्ष में दो बार 10वीं-12वीं की परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। द्वितीय बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत जुलाई माह के दूसरे पखवाड़े से की जा चुकी है। कई स्तर पर उड़नदस्ते की टीम नकल रोकने के लिए बनाई गई है।

**मुख्य द्वार खुला रखने निर्देश** : बोर्ड परीक्षाओं के दौरान बनाए गए नियमों का पालन सख्ती से करने आदेश दिए गए हैं। नियम के अनुसार विषय विशेषज्ञ को इंनवीजलेटर नहीं बनाना चाहिए। परीक्षा के दौरान मुख्यगेट का खोलकर रखे जाने का नियम है, ताकि उड़नदस्ता की टीम को पहुंचने में आसानी हो। सभी स्कूलों को मुख्य द्वार खुला रखने निर्देश दिए गए हैं, ताकि आसानी उड़नदस्ते की टीम जांच के लिए पहुंच सके। इसके अलावा अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं।

# छत्तीसगढ़ में जलवायु सहनीय ग्रामीण समुदायों का निर्माण करने का लक्ष्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 1 से 8 अगस्त तक भारत ग्रामीण संवाद-2024 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें संवादों और कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है। इसका उदेश्य ग्रामीण पुनर्जागरण को प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम दिल्ली, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और झारखंड में किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को विकसित छत्तीसगढ़ के लिए ग्रामीण परिवर्तन विषय पर भारत ग्रामीण संवाद के चौथे संस्करण में एक महत्वपूर्ण संबोधन में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राज्य में भविष्य-संगत और जलवायु-सहनीय ग्रामीण समुदायों के निर्माण की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ श्री शर्मा ने जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली चरम मौसम की घटनाओं और अनियमित मानसून पैटर्न जैसी ज्वलंत चुनौतियों पर बल दिया। उन्होंने ग्रामीण छत्तीसगढ़ के सामने आने वाली बहुआयामी चुनौतियों के बारे में विस्तार से बताया। इसी दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि जलवायु-सहनीय बुनियादी ढांचे में निवेश करना और स्थायी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना केवल एक खर्च नहीं है, यह हमारे राज्य के भविष्य में एक रणनीतिक निवेश है। भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर के साथ अकादमिक साझेदारी में ट्रांसफार्म रुरल इंडिया (टीआरआई) द्वारा आयोजित भारत ग्रामीण संवाद ने आईआईएम रायपुर के निदेशक राम ककानी, छग के मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत और टीआरआई के सह-नेता अनिर्बान घोष सहित विभिन्न वक्ताओं को एक साथ लाया। कार्यक्रम को आईआईएम रायपुर की प्रोफेसर डॉ. वर्षा मांडी ने संबोधित किया।

शीर्ष नेतृत्व के हर निर्देश
को शिरोधार्य कर
अपने दायित्वों का
पूर्णतः निष्ठा से
निर्वहन करते हुए
देश में बढ़ाया
छत्तीसगढ़ का मान



# मा. रमेश बैस
(पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र)

2 अगस्त 2024

जन्मदिन
की

हार्दिक शुभकामनाएं

स्वजनों से भेंट

स्थान : निज निवास, रविनगर, रायपुर

समस्त शुभचिंतक एवं स्नेहीजन रायपुर (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**




## आमातालाब सुलभ शौचालय जर्जर, सीलबंद किया

**रायपुर।** शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड के आमातालाब के पास सुलभ शौचालय को अत्यंत जर्जर होने की स्थिति में दुर्घटना की आशंका को देखते हुए जोन 7 कमिश्नर प्रीति सिंह, वार्ड पार्षद दीपक जायसवाल की उपस्थिति में निगम की टीम ने सीलबंद किया। जनजीवन सुरक्षा को ध्यान मे में रखते हुए निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश पर सुलभ शौचालय काम्पलेक्स को ताला लगाकर सीलबंद करने की कार्यवाही की वार्ड पार्षद दीपक जायसवाल ने जर्जर सुलभ शौचालय को शीघ्र तोड़कर उसके स्थान पर नया सुलभ शौचालय का निर्माण शीघ्र करवाये जाने का वार्डवासियों की ओर से अनुरोध किया।

## जनसमस्या निवारण शिविर



**रायपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने वार्ड पार्षद रोहित साहू के साथ मिलकर नए राशन कार्ड ,आयुष्मान कार्ड और मजदूर कार्ड का वितरण किया। इसके साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने लोन के रूप में चेक प्रदान किया। जनसमस्या निवारण में वार्ड के निवासी देवराज पारधी, आशीष बांसपाल, मोहित, रजत, नितिन, किशोर, रजत मेहर, केशव साहू वार्ड सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## बंधवा तालाब पार से हटाया बेजा कब्जा

**रायपुर।** नगर निगम जोन 8 की टीम ने बंधवा तालाब पार में लगभग 650 वर्गफीट के क्षेत्र में शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से तोड़कर कब्जा मुक्त करने कार्यवाही की। जोन की टीम ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने से संबंधित नोटिस कब्जाधारी को दी थी। उनके द्वारा कब्जा स्वतः न हटाने पर गुरूवार को अभियान चलाकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

## निगम आयुक्त ने ली बीपीओ केन्द्र की जानकारी

**रायपुर।** निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने रायपुर जिला कार्यालय के सामने स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के तीसरे तल पर संचालित बीपीओ केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान । बीपीओ केन्द्र कॉल सेंटर में टेक्नोटॉस्क कंपनी के राहुल दीक्षित उन्हें बताया करीबन 1700 युवाओं को कॉल सेंटर बीपीओ केन्द्र के माध्यम से कौशल उन्नयन कर माह फरवरी 2024 से स्वरोजगार उपलब्ध करवाया जा चुका है। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कॉल सेंटर बीपीओ केन्द्र के माध्यम से राजधानी सहित रायपुर जिला एवं प्रदेश के विभिन्न स्थानों में निवास करने वाले युवाओं को कौशल उन्नयन कर स्वरोजगार के माध्यम से लाभान्वित करने के कार्य की सतत रूप से मानिटरिंग करने निर्देशित किया है।

# छग में 37 हजार करोड़ की लागत से 2,731 किमी 25 नई रेललाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा में राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय ने छत्तीसगढ़ रेल परियोजना कार्य को लेकर विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में रेल विकास के लिए 6,922 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

यह छत्तीसगढ़ वासियों के लिए सौभाग्य की बात है। छत्तीसगढ़ राज्य में रेल लाइनों का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण किया गया है। वर्ष 2014 से 2024 के दौरान 31 किलोमीटर प्रति वर्ष रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में 37,018 करोड़ रुपए की लागत से 2,731 किलोमीटर की 25 नई रेल लाइन परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के 32 रेलवे स्टेशनों का विकास किया जा रहा है, जिसमें राजनांदगांव, डोंगरगढ़, अकलतरा, अंबिकापुर, बैकुंठपुर, बालोद, बाराद्वार, बिल्हा, ऐसे 32 स्टेशन इसमें शामिल हैं।




- सांसद संतोष पांडेय ने संसद में गिनाई दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धियां
- रायपुर से डोंगरगढ़ मेमू ट्रेन चलाने की मांग, कोरोना के बाद से बंद है परिचालन

### डोंगरगढ़ से कटघोरा नई रेल शुरू करने की मांग

डोंगरगढ़ से कवर्धा होते हुए कटघोरा रेलवे लाइन जाती है। यह ज्वाइंट वेंचर है और मेरे क्षेत्र का उसमें 90 प्रतिशत हिस्सा आता है। यह शॉर्टकट रूट है, इस रूट पर खनिज का बहुत परिवहन होने वाला है। कोरोना काल से बंद रायपुर से डोंगरगढ़ मेमू ट्रेन, जो बंद हो चुकी है, उसे शीघ्र प्रारंभ करना चाहिए, जिससे निम्न मध्यमवर्गीय मजदूर, कर्मचारी यात्रा करते हैं। सबसे ज्यादा डिमांड इस मेमू ट्रेन की है। दो डिमांड हैं मेमू ट्रेन प्रारंभ हो और डोंगरगढ़ से कटघोरा नई रेल लाइन बहुत ही महत्वाकांक्षी है, इसे शीघ्र ही शुरू किया जाए।

### 141 रेल ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण

सांसद ने बताया कि वर्ष 2014 से अब तक छत्तीसगढ़ राज्य में 141 रेल ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में लाइन की क्षमता बढ़ाने के लिए दोहरीकरण, तिहरीकरण एव चौथी लाइन का कार्य वृहद रूप से प्रारंभ है। पहले वित्तीय वर्ष में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 143 किलोमीटर नए सेक्शन, 133.3 किलोमीटर मल्टी ट्रैकिंग, 3.8 किलोमीटर नई रेल लाइनें और 6 किलोमीटर गेज परिवर्तन का काम पूरा किया गया था। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुल 421 किलोमीटर का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 224 किलोमीटर मल्टी ट्रैकिंग, 20 किलोमीटर नई रेल लाइनें और 177 किलोमीटर गेज परिवर्तन शामिल है।इस प्रकार से वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 460 किलोमीटर सेक्शन ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम से लैस है।

### बिरगांव निगम ने मुख्य मार्ग की अव्यवस्था सुधारने की पहल पर अनदेखी से ऐसा हाल

# वेंडिंग जोन-गढ़कलेवा बनाने में विलंब से अटकी सुविधा, हितग्राही भी तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खानपान के लिए बिरगांव में एक भी ऐसा स्पॉट नहीं है, जहां लोग परिवार के साथ घूमने-फिरने का लुत्फ उठा सकें। इसके लिए निगम कार्यालय के पास स्थित गार्डन में छत्तीसगढ़ी व्यंजन परोसने के लिए गढ़कलेवा शुरू करने की पहल अधूरी है। इसके लिए लोगों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। वहीं मुख्य मार्ग के पास प्रस्तावित वेंडिंग जोन का काम अधूरा है। इसे जिम्मेदार अब शुरू करने की बात तो कह रहे हैं, लेकिन इसके लिए मुहिम शुरू नहीं की है

**खास खबर**

बिरगांव निगम सीमा में वैसे तो कई होटल हैं, लेकिन वहां लोग घूमने-फिरने के साथ खानपान का लुत्फ नहीं उठा पाते हैं। निगम के जिम्मेदारों ने इसे देखते हुए सालभर पहले दो स्पॉट पर खानपान की सुविधा देने के लिए तैयारी तो शुरू की, लेकिन अभी तक जरूरी काम पूरा नहीं करा पाए हैं। इससे निगम कार्यालय में काम के सिलसिले में आने वाले 40 वार्डों के लोगों को मिलने वाली नई सुविधा मिलने में विलंब हो रहा है। गांधी उद्यान में जो काम कराया जाना था, वह अभी तक पूरा नहीं हो हुआ है। ग्रीनरी के लिए घास रोपने का काम अभी तक अधूरा है। दूसरी तरफ बिरगांव मुख्य मार्ग के पास स्थित बिजली उपकेंद्र की बाउंड्री के बाहरी हिस्से में प्रस्तावित वेंडिंग जोन का काम तो पूरा हो गया है, लेकिन वेंडिंग जोन में दुकान लगाने वाले हितग्राहियों का चयन अटका है। एजेंसी ने पेवर लगाने का काम करने के बाद छोड़ दिया, जबकि दोनों ही काम लोगों को नई सुविधा देने के लिए करवाया गया है।





### दोनों ही प्रोजेक्ट सालभर पुराने

निगम सीमा में दोनों ही प्रोजेक्ट से जुड़े जिम्मेदारों की मानें तो गांधी उद्यान की बाउंड्री का निर्माण व रंगाई सहित गढ़कलेवा स्थल को बेहतर लुक देने का काम पूरा हो चुका है। इसके लिए शासन से 7 लाख रुपए मिला था। इसी तरह करीब 250 मीटर के दायरे में 32 लाख में बन रहे वेंडिंग जोन का काम अधूरा है। पेवर लगाने के बाद वहां दुकान लगाने वालों को जगह देने की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। इससे मुख्य मार्ग के पास लोगों को बेहतर माहौल देने में विलंब होना तय है। इसके लिए जिम्मेदार सालभर पहले जायजा लेने के बाद भूल गए हैं।

### प्रक्रिया के तहत करेंगे कार्रवाई

गढ़कलेवा की जानकारी मुझे नहीं है। वेंडिंग जोन का काम पूरा हो चुका है। वहां जल्द ही खान-पान की सुविधा देने के लिए समीक्षा करके आगे प्रक्रिया की जाएगी। इससे लोगों को बेहतर माहौल मिलेगा।

**- बृजेश सिंह क्षत्रिय,** आयुक्त नगर निगम, बिरगांव

# 70 वार्डों में सफाई के लिए अब क्लस्टर सिस्टम, प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड में अब सफाई कर्मचारी क्लस्टर सिस्टम के हिसाब से कार्य करेंगे। इसके लिए प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मचारियों की निर्धारित संख्या के हिसाब से 5 से 6 क्लस्टर बनाकर सफाई कर्मचारियों का कार्य विभाजित किया जायेगा। इन कर्मचारियों के नाम और मोबाइल नंबर की जानकारी लोगों के लिए सार्वजनिक की जायेगी। अनुबंधित ठेकेदार अपनी मर्जी से एक क्लस्टर के कर्मचारियों को दूसरे क्लस्टर में नहीं भेज सकेगा। इससे आम आदमी जहां अपने इलाके वाले क्लस्टर के सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति जान सकेंगे, वहीं उनके काम में गैरहाजिर रहने पर संबंधित जोन को सीधे शिकायत कर पायेंगे।

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने ठेके पर चल रही शहर की सफाई व्यवस्था में कसावट लाने अब वार्ड स्तर पर क्लस्टर सिस्टम लाने का निर्णय लिया है। इससे एक तरफ जहां सफाई कर्मचारियों की संख्या पर आम आदमी की नजर रहेगी, वहीं अनुबंधित ठेकेदार निर्धारित सफाई कर्मचारी को दूसरी जगह सफाई पर नहीं भेज सकेगा। यानी हर वार्ड में सफाई कर्मचारियों का क्लस्टर बनाकर उनकी संख्या और इलाका तय रहेगा। इसे इस तरह समझा जा सकता है, यदि किसी वार्ड में निर्धारित सफाई कर्मचारियों की संख्या 40 है, तो इन कर्मचारियों को 8-8 कर्मचारी के हिसाब से 5 क्लस्टर में रखकर इलाके तय कर सफाई करवाई जायेगी। एक बार किसी सफाई कर्मचारी का क्लस्टर वाइज डयूटी लगने के बाद अनुबंधित ठेकेदार उसे दूसरे वार्ड या वार्ड के दूसरे इलाके में भेजकर सफाई नहीं करा पायेगा।



- 1 वार्ड में सफाई के लिए 5 से 6 क्लस्टर
- किस इलाके में कौन सफाई से कर्मचारी की डयूटी, नाम और मोबाइल नंबर तय
- ठेकेदार चेंज नहीं कर पाएंगे सफाई कर्मचारी का इलाका

### प्रक्रिया शुरू

नगर निगम आयुक्त के आदेश पर शहर के 70 वार्डों में सफाई कराने क्लस्टर वाइज सिस्टम अपनाया जायेगा। इसके लिए प्रत्येक वार्ड में प्रक्रिया शुरू हो गई है। इससे सफाई कर्मचारियों की पहचान और उनकी उपस्थिति के संबंध में वार्डवासियों को जानकारी रहेगी। ठेकेदार अपने हिसाब से सफाई कर्मचारियों को एक इलाके से दूसरे इलाके में जब चाहे चेंज नहीं कर सकेगा।

**- राजेन्द्र गुप्ता,** अपर आयुक्त, नगर निगम रायपुर

### सफाई कर्मचारी के नाम से साथ मोबाइल नंबर भी डिस्पले

वार्ड स्तर पर बनाये जा रहे क्लस्टर में संबंधित सफाई कर्मचारी के नाम और उनका मोबाइल नंबर नगर निगम आम जनता की सुविधा के लिए डिस्पले करेगा, ताकि लोगों को पता रहे कि उनके एरिया के क्लस्टर में कितने सफाई कर्मचारी काम कर रहे हैं, इनके नाम और मोबाइल नंबर भी डिस्पले किया जायेगा।

# कलेक्टोरेट-तहसील परिसर में गंदगी नागरिकों के साथ कर्मचारी भी परेशान





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर को स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 के राष्ट्रीय रैंकिंग में टॉप टेन की सूची में लाने के लिए जहां शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने नगर निगम प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर राजधानी के प्रमुख प्रशासनिक कार्यालय कलेक्टोरेट और तहसील भवन में ही जगह-जगह कबाड़ और गंदगी पसरी हुई है, जो शहर के इन भवनों की सूरत तो बिगाड़ ही रही है, साथ ही फैली गंदगी के कारण यहां हर रोज आने वाले आम नागरिकों के अलावा अधिकारी-कर्मचारी भी परेशान हो रहे हैं।

### नहीं हो रही नियमित सफाई

कलेक्टोरेट में तीन मंजिला बिल्डिंग में जगह-जगह कबाड़ हो चुके फर्नीचर के अलावा कई जगहों पर कचरा डंप है। वहीं सीढ़ियों और दीवारों पर थूक की पिचकारी, मकड़ियों के जाल से लेकर गंदगी तक पसरी हुई है। बिल्डिंग के कई दफ्तरों में आने-जाने के दौरान लोगों को गंदगी से होकर गुजरना पड़ रहा है। इस बिल्डिंग की लिफ्ट में भी गंदगी पसरी हुई है। जहां लोगों ने गुटखा-पान की पिचकारी मारी है, जिससे लिफ्ट के अंदर तेज दुर्गंध फैली रहती है। इस दुर्गंध के कारण अधिकारी-कर्मचारी लिफ्ट से आना-जाना ही बंद कर दिए हैं। इस बिल्डिंग में बने बाथरूम की भी नियमित सफाई नहीं की जाती, जिसके कारण कर्मचारी भी इसकी जगह कलेक्टर चैंबर वाले भवन एवं रजिस्ट्री दफ्तर के बगल में बने स्मार्ट बॉथरूम का उपयोग करते हैं।

### तहसील परिसर में भी जगह-जगह कचरा डंप

तहसील कार्यालय परिसर में भी जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। इस परिसर में कचरा रखने के लिए कूड़ेदान की व्यवस्था है, लेकिन नियमित सफाई नहीं होने के कारण कूड़ेदान में रखा कचरा दिनभर यहां पड़ा रहता है, इसकी वजह से यहां आने वाले लोगों के साथ दफ्तरों के अंदर बैठे कर्मचारियों को भी परेशान होना पड़ता है।

# सावन में पोल्ट्री फार्म कारोबार पर आफत, रोज 6 लाख किलो कम हो गई चिकन की खपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सावन के माह में पोल्ट्री फार्म के कारोबारियों पर आफत आई है। एक तरफ जहां अंडों की खपत कम होने से इनका स्टॉक संभालने में पसीना छूट रहा है, वहीं चिकन की खपत भी रोज की 6 लाख किलो कम होने से कारोबार चौपट हो गया है। प्रदेश में रोज आठ लाख किलो की खपत होती है, जो घटकर दो लाख किलो के आसपास रह गई है। कीमत आधी होने के बाद भी डिमांड कम है।

सावन के माह में हमेशा से ही चिकन और अंडों का कारोबार प्रभावित होता है। बीते साल तो दो माह का सावन होने के कारण पोल्ट्री कारोबारियों के साथ चिकन का कारोबार करने वालों की हालत खराब हो गई थी। इस बार भले एक माह का सावन है, लेकिन इस एक माह में चिकन की खपत कम होने के कारण पोल्ट्री के साथ इसका कारोबार करने वालों की हालत खराब हो गई है।

### हर माह 2.5 करोड़ किलो की खपत

प्रदेश में राजधानी रायपुर के साथ हर शहर में पोल्ट्री के कारोबारी हैं। रायपुर में सबसे ज्यादा बड़े कारोबारी हैं। यहां से चिकन की सप्लाई बड़े होटलों से लेकर छोटे होटलों और चिकन बेचने वाले छोटे सेंटरों में होती है। इसी के साथ आस-पास के राज्यों में भी यहां से चिकन जाता है। एक दिन में 8 लाख किलो से ज्यादा की खपत होती है।

एक माह में करीब 2.5 करोड़ किलो का कारोबार हो जाता है। लेकिन सावन में यह कारोबार 25 फीसदी पर आ गया है। इस समय चिकन की खपत दो लाख किलो की हो रही है। जहां होटलों में नहीं के बराबर डिमांड है, वहीं चिकन बेचने वाले सेंटरों से भी डिमांड नहीं है। बाहर के राज्यों में भी कहीं से डिमांड नहीं है। जो चिकन दुकान वाले रोज का हजार से दो हजार किलो तक का कारोबार करते हैं, उनके यहां सौ-दो सौ किलो बड़ी मुश्किल से बिक रहा है। ज्यादातर किचन दुकानों में सन्नाटा है।

### कीमत भी आधी, फिर भी डिमांड कम

#### पोल्ट्री फार्म में कीमत 74 रुपए

सावन से पहले पोल्ट्री फार्म में चिकन की कीमत 120 से 130 रुपए थी जो इस समय 74 रुपए हो गई है। चिल्हर में कीमत 160 से 180 रुपए थी जो अब 100 रुपए हो गई है। इसके बाद भी ग्राहकों का टोटा है। कई छोटे चिकन सेंटर वालों ने तो अपनी दुकानें ही एक माह के लिए बंद कर दी हैं। इनका कहना है कि खर्च ही नहीं निकलेगा तो कारोबार करके क्या फायदा।



# सर्पदंश से मृत्यु पर परिजन को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि मंजूर

**रायपुर।** जिला प्रशासन ने सर्पदंश से मृत्यु पर 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि को स्वीकृति दी है। आरंग क्षेत्र के पारागांव निवासी ढेलूराम कुंभकार की सर्पदंश से मौत हुई थी। उसकी मृत्यु के पश्चात परिजनों ने आर्थिक सहायता राशि के लिए तहसील कार्यालय के माध्यम से आवेदन किया था। इस आवेदन पर प्रशासन ने आरसीबी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दे दी है।

**बिजनेस साइट**

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने की वित्तीय परिणामों की घोषणा

**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है।

तिमाही के दौरान बैंक का निवल लाभ 9.5% की वृद्धि के साथ रुपए 4,458 करोड़ पर पहुंच गया, जो कम ऋण लागत के कारण संभव हुआ। आस्ति पर प्रतिलाभ (आरओए) पिछली 8 तिमाहियों से 1% से अधिक बना रहा और वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 1.13% दर्ज किया गया।

# सामाजिक बहिष्कार कर फोटो वायरल करने वाले सार्वजनिक रूप से माफी मांगें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने गुरुवार को आयोग के रायपुर कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित एक प्रकरण पर सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया कि पीड़ित महिला का सामाजिक बहिष्कार व उसकी फोटो वायरल करने वाले सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, नहीं तो आईटी एक्ट 66ई के तहत उन्हें जेल जाना होगा। एक प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि 2013 में आवेदिका का अपहरणकर्ता ने नशे की हालत में उसे धमका कर शादी किया था। इसके बाद आवेदिका उस लड़के के खिलाफ थाना में शिकायत करके अपने माता-पिता के घर आ गई थी और नये सिरे से अपना जीवन यापन करना चाहती थी। अनावेदकगणों के द्वारा अपराधी लड़के के द्वारा ली गई फोटो के आधार पर आवेदिका को समाज के सोशल मीडिया ग्रुप में डालकर पिछले एक साल से बदनाम कर आवेदिका की निजता भंग कर रहे थे। आवेदिका की शिकायत पर आयोग ने अनावेदकगणों को कहा कि इस अपराध पर धारा 66 ई के तहत 3 साल की सजा और 2 लाख रुपए जुर्माना का प्रावधान है।

आयोग ने इस पर फैसला सुनाया कि अनावेदकगण 22 अगस्त को जनसुनवाई में समाज के पदाधिकारियों के समक्ष सार्वजनिक तौर पर आवेदिका से माफी मांगेंगे। ऐसा नहीं करने पर आवेदकगणें के विरुद्ध साइबर क्राईम में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

